# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 73- ● जबलपुर ● शनिवार, 15 अप्रैल, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख मास कृष्ण पक्ष 9 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935


## इंदौर में 95 दिन बाद कोविड से मरीज की मौत

इंदौर यशभारत। 95 दिन बाद कोविड से मरीज की मौत हुई है। यहां 98 वर्षीय एक महिला ने दम तोड़ दिया। इससे पहले 7 जनवरी 2023 को इंदौर में एक कोविड पॉजिटिव मरीज की मौत हुई थी। मध्यप्रदेश में कोरोना के मरीज एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। शुक्रवार को प्रदेश में 42 नए संक्रमित मिले हैं। यह खुलासा स्टेट कोविड हेल्थ बुलेटिन रिपोर्ट में हुआ है। स्वास्थ्य संचालनालय के अफसरों ने बताया कि प्रदेश में कोविड के एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 250 के पार हो गई है।

## 1037 में से 70 अस्पतालों में मिली गड़बड़ी

**भोपाल यशभारत।** महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना में फर्जी मरीजों और फर्जी कार्ड के आधार पर मरीजों का इलाज करने वाले अस्पतालों के खिलाफ राज्य सरकार की कार्रवाई जारी है। इसी कार्रवाई के बीच अब निजी अस्पतालों के संचालकों द्वारा बनाए गए यूनाइटेड हॉस्पिटल्स डायरेक्टर्स एसोसिएशन ने 15 अप्रैल से आयुष्मान योजना के नए मरीजों का इलाज नहीं करने की बात कही है। ये स्थिति तब है जबकि आयुष्मान भारत योजना में इलाज कराने वाले मरीजों के इलाज पर खर्च होने वाली 75 फीसदी राशि प्राइवेट अस्पतालों के खातों में पहुंच रही है।

# महाराष्ट्र श्रावस्ती और कर्नाटक में सड़क हादसे

# 22 लोगों की जान गई

## रस्सी के सहारे स्थानीय लोगों ने 25 यात्रियों को रेस्क्यू किया, 40 लोग सवार थे

■ महाराष्ट्र, एजेंसी।

महाराष्ट्र के रायगढ़ के खोपोली इलाके में शुक्रवार की रात एक बस 700 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। बस में 40 यात्री सवार थे। अब तक 25 का स्थानीय लोगों की मदद से रस्सी के जरिए रेस्क्यू किया गया है। इनमें से कुछ लोगों को गंभीर चोटें आई हैं।हादसा खंडाला और खोपोली के बीच पुराने नेशनल हाईवे पर शिंगरोबा घाट से उतरते समय हुआ। फिलहाल हादसे की वजह सामने नहीं आई है। बस पुणे से मुंबई जा रही थी। गोरेगांव के थे यात्री, कार्यक्रम में शामिल होने पुणे गए थे पुलिस के मुताबिक हादसे की खबर मिलते ही बोर घाट पुलिस, खोपोली पुलिस और स्थानीय लोग मदद के लिए आए। सभी घायलों को इलाज के लिए खोपोली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं बस में सवार यात्री गोरेगांव क्षेत्र के एक संगठन के थे, सभी एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पुणे गए थे और वहां से वापस लौट रहे थे। मौके पर एसपी प्राची सिंह ने पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि कार सवार लोग अंतिम संस्कार



में शामिल होने के लिए लुधियाना से करमोहना आ रहे थे। तभी सोन नदी के पास कार असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गई। वहां से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से लोगों को कार से निकाला और आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने 6 लोगों को मृत घोषित कर दिया।पुलिस का कहना है कि ड्राइवर को नींद आने के चलते ये हादसा हुआ है। हालांकि हादसे का मुख्य कारण अभी पता नहीं चल पाया है। घायलों की स्थिति गंभीर है। उनसे बातचीत होना संभव नहीं है।



### गाड़ी के आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त

पेड़ से टकराने के बाद इनोवा कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह से चौपट हो गया है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शव डैशबोर्ड में फंस गए थे। ड्राइवर की लाश तो स्टेयरिंग में ही दब गई थी। पीछे बैठे लोग भी आगे की ओर उछलकर सीटों के नीचे कुचल गए थे। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला है।

### एक ही परिवार के सभी मृतक और घायल हैं

जानकारी के मुताबिक, करमोहना गांव के रहने वाले 4 भाई अपने परिवार के साथ लुधियाना में काम करते थे। यहां पैतृक गांव में सिर्फ उनके माता-पिता रहते थे। शुक्रवार को पिता की मृत्यु हो गई। इसमें शामिल होने के लिए सभी परिवार गांव आ रहा था। जिसमें 4 भाई, उनकी पत्नियां, चार बच्चे, और एक बहन और बहनोई शामिल थे। कल रात ये परिवार लुधियाना से चला था। घर से 12 किमी. पहले ही ये हादसा हो गया। हालांकि अभी तक मृतकों के नाम और घायलों के नाम पता नहीं चल पाए हैं।

### कर्नाटक में कार और बस की टक्कर, चार लोगों की मौत

कर्नाटक के हिरेहल्ली में एक कार और बस की टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक हादसा हिरेहल्ली के पास नेशनल हाईवे 48 पर हुआ। बताया जा रहा है कि कार बेंगलुरु से तुमकुर जा रही थी। तभी बस और कार में टक्कर हो गई। वहीं मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच कर रही है।





### कार बेकाबू होकर पेड़ से टकराई लुधियाना से आ रहे थे सभी

**नई दिल्ली एजेंसी।** श्रावस्ती से बड़ी खबर है। यहां शनिवार सुबह नेशनल हाईवे-730 पर अनियंत्रित होकर कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 8 लोगों के घायल होने की सूचना है। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पुलिस प्रशासन की टीम मौजूद है। बचाव व राहत का कार्य चल रहा है। हादसा इकौना थाना क्षेत्र के सोन नदी के पास सुबह करीब 4 से 5 बजे के पास हुआ है। बताया जा रहा है कि कार सवार लोग लुधियाना से इकौना के करमोहना जा रहे थे। सभी लोग एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। पिता के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए परिवार के 14 लोग आ रहे थे। घर पहुंचे से 12 किमी. पहले ही हादसा हो गया।

## केंद्र में बीआरएस की सरकार बनाने का दावा कर केसी राव ने विपक्षी एकता को खतरे में डाला

### प्रधानमंत्री पद की दौड़ में कूदे

■ हैदराबाद, एजेंसी।

उधर दिल्ली में भाजपा के विरुद्ध कांग्रेस, राजद और जदयू की एकता के प्रयास चल रहे हैं और इधर बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) ने ममता बैनर्जी की तरह एकला चलो रे की नीति पर चलते हुए केंद्र में अगली सरकार बनाने का शिगूफा छोड़ दिया। आंबेडकर जयंती के मौके पर गत दिवस हैदराबाद में देश में बाबा साहेब की सबसे ऊंची (125 फीट) की प्रतिमा के अनावरण के बाद बोलते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने ऐलान



किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद बीआरएस केंद्र में सरकार बनाएगी। रोचक बात ये है कि दो दिन पहले दिल्ली में मल्लिकार्जुन खरगे के यहां राहुल गांधी, नीतीश कुमार एवं तेजस्वी यादव ने भाजपा विरोधी दलों को एकजुट करने का संकल्प लिया है ।नीतीश ने जहां अरविंद केजरीवाल, डी राजा एवं सीताराम येचुरी से मुलाकात की वहीं केसीआर से बात करने की जिम्मेदारी तेजस्वी को दी गई थी।

## एसआई की बेटी ने किया सुसाइड

**सागर यशभारत।** गोपालगंज थाना क्षेत्र के रिमझिरिया इलाके में रहने वाली पुलिस एएसआई की बेटी ने सुसाइड कर लिया। शव घर में पहली मंजिल पर बने कमरे में फंदे पर झूलता हुआ मिला है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा है। शनिवार को शव का पीएम कराया जाएगा।पुलिस के अनुसार पुलिस विभाग में कार्यरत एएसआई राजेश पांडेय की 24 वर्षीय बेटी प्रेणाक्षी पांडेय अपने घर पर थी। वह मकान की पहली मंजिल पर बने कमरे में गई थी। वहीं मां नीचे मकान में खुली किराने की दुकान में बैठी थी। काफी देर तक जब बेटी नीचे नहीं आई तो मां ने आवाज लगाई। लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

## जापान के प्रधानमंत्री किशिदा पर हमला, सुरक्षित निकाला गया

■ टोक्यो, एजेंसी।

जापान के वाकायामा शहर में प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा पर हमले की खबरआई है। किशिदा के भाषण के दौरान किसी अनजान शख्स ने पाइप जैसी चीज फेंकी जो उनके पास जाकर गिरी । हालांकि उन्हें कोई क्षति नहीं पहुंची। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री को हमले के बाद सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटनास्थल पर एक जोरदार विस्फोट जैसी आवाज सुनाई देने की खबर भी है । किशिदा पश्चिमी जापानी शहर में एक बंदरगाह का दौरा करने के बाद अपना भाषण



शुरू कर रहे थे, तभी यह घटना हुई। उल्लेखनीय है वे अगले माह हिरोशिमा में जी -7 नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने वाले हैं। जापानी समाचार माध्यमों के अनुसार ने पुलिस ने घटनास्थल पर एक व्यक्ति को दबोच लिया है। उधर सरकारी चैनल के फुटेज में लोगों की भीड़ को भागते हुए दिखाया गया है। पुलिस अधिकारियों ने विस्फोट के बाद एक व्यक्ति को घटनास्थल से दबोचते हुए, जमीन पर ही लिटा दिया । इस घटना ने पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की पिछले साल एक हमलावर द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान गोली मारकर हत्या किए जाने की याद दिला दी। भाषण के दौरान आबे को दो गोली मारी गई थी, ज्यादा खून बहने के चलते उनकी मौत हो गई थी।

### » न्यूज गैलरी

## दामाद को बीच सड़क पर पीटा, धमकी देना दामाद को पड़ा महंगा

**ग्वालियर यशभारत।** में पत्नी और ससुरालियों को जान से मारने की धमकी देना एक दामाद को महंगा पड़ गया। धमकियों से परेशान ससुरालियों का सब्र टूट गया और उन्होंने धमकी देने वाले दामाद को लात घूसों से बडी बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। युवक को पिटता देख चौराहे पर तैनात पुलिसकर्मी वहां जा पहुंचा और युवक को बचाया। पुलिस युवक और मारपीट करने वाले ससुराल पक्ष के लोगों को थाने पकड़ ले गई है। पुलिस अब मारपीट से घायल युवक का मेडिकल करा रही है साथ ही मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी है।बता दें कि ग्वालियर के फूलबाग चौराहे पर उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया जब आधा दर्जन से ज्यादा लोग ने एक युवक को लात घूसों से पीटना शुरू कर दिया। पता चला है कि पिटने वाला युवक भोपाल निवासी इमरान था। इमरान को पीटने वाले लोग उसके ससुराल वाले ही थे। पुलिस के मुताबिक भोपाल निवासी इमरान की शादी ग्वालियर में हुई थी। शादी के बाद दोनों पति पत्नी के बीच विवाद होने लगे और मामला थाने से होकर कोर्ट तक पहुंच गया। कोर्ट में इमरान और उसकी पत्नी के बीच तलाक का मामला चल रहा है। इसी मामले की पेशी करने के लिए इमरान भोपाल से ग्वालियर आया था।


यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें

मो. 9407348995, 7999718732


## एमपी में 18-19 अप्रैल को बदलेगा मौसम

■भोपाल,यश भारत।

**इंदौर-जबलपुर संभाग में हो सकती है बूंदाबांदी**

मध्यप्रदेश में 18 और 19 अप्रैल को फिर मौसम बदलेगा। इंदौर और जबलपुर संभाग में कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है। भोपाल में भी मौसम के बदलने की संभावना है। इससे पहले प्रदेश में तेज गर्मी पड़ेगी। भोपाल, इंदौर, जबलपुर-ग्वालियर में इस सीजन का गर्मी का रिकॉर्ड टूट सकता है। वहीं, राजगढ़, छतरपुर, दमोह, रतलाम में भी तापमान बढ़ेगा। शुक्रवार को मौसम में मिला-जुला असर देखने को मिला। दोपहर बाद भोपाल, इंदौर, जबलपुर समेत कई शहरों में हल्के बादल छाए रहे। भोपाल में लगातार तीसरे दिन तापमान 39 डिग्री के पार रहा। वहीं, ग्वालियर में तापमान 40.3 और जबलपुर में 40.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुरुवार के मुकाबले शुक्रवार को यहां गर्मी का असर बढ़ा। इंदौर में 38.6 डिग्री तापमान के साथ मामूली गिरावट दर्ज की गई।

## अतीक के बेटे असद को कब्रिस्तान में दफनाया गया

### नाना-मौसा समेत 25 रिश्तेदार हुए शामिल

■झांसी, एजेंसी।

माफिया अतीक अहमद के बेटे असद को शनिवार सुबह 10 बजे कसारी-मसारी कब्रिस्तान में दफन कर दिया गया। इस दौरान क्क पुलिस की सख्त सुरक्षा व्यवस्था थी। अतीक के नाना हामिद अली समेत 20 से 25 रिश्तेदारों को कब्रिस्तान के अंदर जाने दिया गया। सुपुर्द ए खाक की प्रक्रिया के दौरान कब्रिस्तान की ड्रोन से निगरानी की जाती रही। इससे पहले सुबह 9.30 बजे असद-



गुलाम के शवों को झांसी से प्रयागराज लाया गया। असद की बॉडी को अतीक के घर की जगह सीधा कब्रिस्तान ले जाया गया। पिता अतीक और मां शाइस्ता परवीन अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाई। हालांकि, अतीक ने बेटे के जनाजे में शामिल होने की कोर्ट में अर्जी दी थी। वहीं, मां शाइस्ता फरार है। रिश्तेदारों को पुलिस खुद अपनी गाड़ी से लेकर पहुंची। बाकी, स्थानीय लोगों को कब्रिस्तान से करीब 200 मीटर दूर रोक दिया गया। मीडिया को भी एंट्री नहीं दी गई है। इससे पहले, शुक्रवार रात 1.30 बजे पुलिस सुरक्षा में दोनों के शवों को झांसी से पुलिस और रिश्तेदार लेकर रवाना हुए। झांसी में गुरुवार को हुए एनकाउंटर में स्ज्ञस्न ने दोनों को मार गिराया था।



## मुंबई पुलिस को 3 आतंकवादियों के घुसने की मिली सूचना

■ मुंबई, एजेंसी।

मुंबई में आतंकवादियों के घुसने की फर्जी अफवाह उड़ाने वाले व्यक्ति को अरेस्ट कर लिया गया है। एटीएस की नासिक इकाई के मुताबिक, 47 वर्षीय कारोबारी ने पुलिस को फोन करके दावा किया था कि पाकिस्तान से जुड़े 3 आतंकवादी मुंबई में घुस गए हैं।झ्रपुलिस अधिकारियों ने बताया कि अफवाह उड़ाने वाले आरोपी का नाम यासीन याकूब सैय्यद है। वह अहमदनगर में रहता है। आरोपी का संपत्ति को लेकर अपने रिश्तेदारों से विवाद है। इसी वजह से अपने भतीजे को परेशान करने के लिए आरोपी ने यह अफवाह उड़ाई थी।

**जांच में फर्जी अफवाह होने का खुलासा**

**यह है पूरा मामला**

आरोपी यासीन का अपने चचेरे भाई मुजीब से जमीनी विवाद चल रहा था। मुजीब को फंसाने के लिए आरोपी ने पुलिस कंट्रोल में फोन कर दिया। पुलिस को बताया कि मुंबई में आतंकवादी घुस गए हैं। उसमें से एक का नाम मुजीब सैय्यद है। आरोपी ने मुजीब की गाड़ी और मोबाइल का नंबर भी पुलिस को दिया।

### सूचना मिलते ही एटीएस टीम पहुंची अहमदनगर

मामले की सूचना मिलते ही एटीएस जांच पड़ताल में लग गई। अधिकारियों ने सबसे पहले पता लगाया कि फोन कहां से किया गया था? जब जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि आतंकवादियों के घुसने की सूचना अहमदनगर से किसी यासीन ने दी थी। जब उसे पकड़कर पूछताछ की गई तो उसने फर्जी अफवाह बात होने की बात कबूली।

### अमृतसर में फिर घुसा पाकिस्तानी ड्रोन

## B S F के जवानों ने फायरिंग कर

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

**पाकिस्तान में बैठे तस्करों ने एक बार फिर भारतीय सरहद में ड्रोन को भेजा। पंजाब में अमृतसर की सरहद पर बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (BSF) के जवानों ने ड्रोन को वापस खदेड़ने में सफलता हासिल की।**

सतर्कता के लिए सरहद पर सर्च अभियान चलाया गया, जिसमें तकरीबन 21 करोड़ रुपए की हेरोइन को जब्त किया गया है। साझा की गई जानकारी के अनुसार पाकिस्तानी तस्करों ने यह ड्रोन



### 21 करोड़ की हेरोइन जब्त

अमृतसर के गांव बच्चीविंड की तरफ भेजा था। ड्रोन पर ब्लिंकर लगे हुए थे, ताकि तस्कर उसे पहचान सकें और उठा सकें। लेकिन तस्करों से पहले ड्रोन पर जवानों की नजर पड़ गई। जवानों ने कई राउंड फायर किए। कुछ मिनटों के बाद ड्रोन पाकिस्तानी सरहद में वापस लौट गया। जवानों ने उसी समय इलाके को घेर लिया और सर्च शुरू कर दी गई। गांव बच्चीविंड के खेतों में खेप गिरी मिली। इसे काले रंग के डीजल ब्रैंड के बैग में डाल कर फेंका गया था। उसे खोला गया तो उसमें तीन पैकेट थे। जिनमें 3.2 किलोग्राम हेरोइन थी। जिसकी इंटरनेशनल वैल्यू तकरीबन 21 करोड़ रुपए आकी जा रही है। जो खेप बरामद की गई, उस पर ब्लिंकर लगे हुए थे। यह ब्लिंकर हवा में ड्रोन के साथ बंधते हुए नहीं जगते, लेकिन जैसे ही जमीन पर गिरते हैं तो ब्लिंक करने लगते हैं। पाक तस्करों ने इस तकनीक को भारतीय तस्करों के लिए अपनाया है, ताकि आसानी से गिरी खेप को तस्कर ढूंढ सकें।

## हरियाणा की गंगा ने बनाया नया रिकॉर्ड

### एक दिन में 31 लीटर दूध देकर बनी भैंस नंबर वन

■ हरियाणा, एजेंसी।

हिसार में मुर्रा नस्ल की भैंस गंगा ने एक दिन में 31 लीटर दूध देकर नया रिकॉर्ड बनाया है. इससे पहले भी इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में गंगा का नाम कई बार दर्ज हो चुका है. गंगा के मालिक और किसान जय सिंह ने बताया कि इस भैंस को कई लोगों ने खरीदना चाहा. यहां तक कि लोग इसके लिए 15 लाख रुपये तक देने को तैयार हो गए. फिर भी उन्होंने गंगा को नहीं बेचा.जानकारी के मुताबिक, सोरखी गांव के रहने वाले किसान जयसिंह और उनकी पत्नी बीना को पशुपालन के क्षेत्र में बेहतर योगदान के लिए सीएम मनोहर लाल खट्टर और



कृषि मंत्री जेपी दलाल भी सम्मानित कर चुके हैं. इसके अलावा दंपति को साल 2017 में सूरजकुंड मेले में बीजेपी के वरिष्ठ नेता राजनाथ ने भी सम्मानित किया था।

# बुद्ध पूर्णिमा पर बन रहा महासंयोग

जबलपुर, यशभारत। हर साल वैशाख माह की पूर्णिमा तिथि के दिन बुद्ध पूर्णिमा मनाई जाती है। इस साल 5 मई 2023 को बुद्ध पूर्णिमा देशभर में धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। शास्त्रों के अनुसार इस दिन गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था और इसी दिन ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। मान्यता है कि गौतम बुद्ध के जीवन की तीन मुख्य घटनाएं उनका जन्म, ज्ञान और मोक्ष साल के एक दिन ही आते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस बार बुद्ध पूर्णिमा का दिन बेहद खास है। इस बार पूर्णिमा तिथि पर दुर्लभ संयोग बन रहा है। वहीं, इस दिन साल का पहला चंद्र ग्रहण भी लगने जा रहा है। साथ ही, ग्रह-नक्षत्रों को भी संयोग बन रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार बुद्ध पूर्णिमा पर ऐसा संयोग 130 साल बाद होने जा रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार 14 अप्रैल को सूर्य गोचर करते हुए मेष राशि में प्रवेश करेंगे और बुध के साथ युति होगी। मेष राशि में बुधादित्य राजयोग का निर्माण होगा, जो कि इस राशि के जातकों के लिए बेहद शुभ फलदायी है। इस अवधि में व्यक्ति को आर्थिक लाभ होगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सिंह राशि के जातकों के लिए बुधादित्य योग बेहद अनुकूल परिणाम लाने वाला है। करियर में नए अवसर प्राप्त होंगे। इस दौरान रुके हुए काम पूरे होंगे। सूर्य गोचर इस राशि के जातकों के जीवन में कई खुशियां लेकर आएगा. प्रमोशन के योग बन रहे हैं. सैलरी में बढ़ोतरी होगी साथ ही विलासिता पर पैसा खर्च होगा।



## बन रहा है ये दुर्लभ संयोग

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार वैशाख पूर्णिमा या बुद्ध पूर्णिमा के दिन चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। बता दें कि इस दिन रात को 8 बजकर 45 मिनट से मध्य रात्रि 1 बजे तक रहेगा। इस दिन सूर्योदय से लेकर सुबह 9 बजकर 17 मिनट तक सिद्धि योग रहेगा। साथ ही, इस दिन स्वाती नक्षत्र भी रहेगा. शास्त्रों के अनुसार बुद्ध पूर्णिमा के दिन ऐसा योग 130 साल बाद बनने जा रहा है। बता दें कि स्वाती नक्षत्र सुबह से लेकर रात 9 बजकर 40 मिनट तक है।

# मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के ऐप में हैं खास खूबियां

## अपना बिल, ट्रांसफार्मर, सब कुछ देख सकते हैं ग्राहक

**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश देश के उन राज्यों में है, जहां सरप्लस बिजली है, लेकिन ग्राहक लगातार जूझ रहे हैं। कई लोगों की शिकायत रहती है कि मीटर रीडिंग ठीक नहीं. खपत से ज्यादा बिल आ रहा है, लाइन ट्रिप हो रही है. लेकिन राज्य में एक सरकारी कंपनी ने खुद का ऐप बनाकर ऐसा प्रयोग किया है जिसे सीखने और समझने देश भर की कंपनियां जबलपुर आ रही हैं. इस ऐप का नाम GIS रखा गया है. 3 महीने की कड़ी मेहनत के बाद तैयार इस ऐप से प्रदेश के सभी बिजली के खंभों, ट्रांसफार्मर, मीटर और उपभोक्ताओं की जानकारी दर्ज की गई और इसे ऑनलाइन भी कर दिया गया है.। जानकारी के अनुसार पिछले 1 साल में ही इस ऐप से 21 फीसद से ज्यादा रेवेन्यू मिला है.12 लाख किसानों में लाखों के बिजली बिल 20त्न से भी अधिक कम हुए हैं. मार्च 2023 में कंपनी को राजस्व संग्रहण 847 करोड़ रूपये है जो राज्य में तीनों वितरण कंपनियों में सबसे ज्यादा है. मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के ऐप से कोई भी ग्राहक अपना बिल, ट्रांसफार्मर, अपनी लाइन सब कुछ देख सकता है. शिकायत कर सकता है. स्थिति जान सकता है. पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र सुधार योजना यानी आरडीएसएस में राज्य में 6000 करोड़ के काम होंगे, ऐसी पहल से देश में मध्यप्रदेश की दावेदारी और मजबूत हो



रही है. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी ने कहा है कि टीम ने इनहाउस ऐप बनाया जिसे छत्तीसगढ़, गुजरात, महराष्ट्र, तमिलानाडू की टीम आकर देखकर गई है ग्राहक के सोशल ऑडिट को देखकर ट्रांसपेरेंसी को कंप्यटूर पर रिकॉर्ड बन रहे हैं. वहीं महाप्रबंधक अजय जैन दुगड़ ने कहा कि कंपनी द्वारी स्वंय के रिसोर्स से जीआईएस ऐप बनाया है, 77000 लाइन का सर्वे किया गया है साथ ही सवा लाख पोल का भी सर्वे किया गया है. आरडीएएसएस से लॉस में कमी आई है. 2000 करोड़ की बचत हुई है।

# 79 वार्डों में लाड़ली बहना योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले

**जबलपुर यशभारत ।** वर्तमान समय में लाड़ली बहना योजना का कार्य चल रहा है जिसके अंतर्गत समस्त जोनों में अधिक से अधिक संख्या में बहनें आपना के. वाय. सी. फार्म का कार्य समग्र आई.डी. का कार्य कराये जाने हेतु उपस्थित हो रही हैं। इसके साथ ही शिक्षण संस्थाओं में भी प्रवेश हेतु छात्र-छात्रओं को समग्र आई.डी. में अपना नाम दर्ज करवाना पड़ रहा जिसको दृष्टिगत रखते हुये नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज के द्वारा आयुक्त को स्वपनिल वानखेड़े को एक पत्र प्रेषित कर 79 वार्डों में अधिक से अधिक मात्रा में विस्थापित परिवारों की समग्र आई.डी. में परिवर्तन कराये जाने के संबंध में पत्र प्रेषित किया ताकि शासन द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को सरलता से मिल सके । उदाहरण के तौर पर वीरांगना रानी अवंती बाई वार्ड में वर्ष 2015 में सम्मिलित 2 ग्राम पंचायतों के नये ग्रामों 1-दुर्गानगर 2-भटोली 3-छिवला 4-तिलहरी 5- जमतरा 6-परसवारा के नागरिकों की समग्र आई.डी. जोन ऋमांक-3 वार्ड ऋ-8 में जोड़ दी गई थी एवं वर्ष 2018-2019 में मदन महल की पहाड़ियों के विस्थापित परिवारों की समग्र आई.डी. में वार्ड परिवर्तन नहीं हुआ है, जिसके कारण रहवासियों को अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# रोजगार मेला : 237 उम्मीदवारों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र, खिल उठे चेहरे

**जबलपुर यशभारत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय रोजगार मेले को संबोधित किया। उन्होंने विभिन्न केन्द्रीय सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त कर्मियों को लगभग 71,000 नियुक्ति पत्र वितरित किए। प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान 45 स्थानों को वीडियो कार्फेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेले से जोड़ा गया।वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने बैसाखी के शुभ अवसर पर बधाई दी। उन्होंने नियुक्ति पत्र मिलने पर अभ्यर्थियों व उनके परिजनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार, एक विकसित भारत के संकल्प की प्राप्ति के लिए युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा को सही अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि असम और उत्तर प्रदेश से लेकर महाराष्ट तक, सरकारी भर्ती की प्रक्रिया तेज गति से चल रही है। उन्होंने कहा कि यह रोजगार मेला देश के युवाओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने भारतीय रेलवे का उल्लेख किया और यह बताया कि 2014 से पहले के सात दशकों के दौरान जहां केवल 20,000 किलोमीटर रेल लाइनों का ही विद्युतीकरण हुआ था, वहीं पिछले 9 सालों के



दौरान 40,000 किलोमीटर रेल लाइनों का विद्युतीकरण किया गया है। मेट्रो रेल लाइन बिछाने का काम 2014 से पहले 600 मीटर प्रति माह था जो आज बढ़कर 6 किलोमीटर प्रति माह हो गया है। गैस नेटवर्क देश के 70 से कम जिलों तक ही सीमित था, लेकिन आज यह नेटवर्क 630 जिलों तक पहुंच गया । जबलपुर में आयोजित रोजगार मेले में माननीय केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के द्वारा कुल 237 नव नियुक्त उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए इसमें से 207 रेलकर्मी शामिल थे। मंत्री ने नवनियुक्त सभी कर्मियों को बधाई दी। इस अवसर पर लोकसभा सांसद राकेश सिंह एवं राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। रेल प्रशासन की तरफ से पमरे महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता एवं प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस. के. अलबेला, मण्डल रेल प्रबंधक विवेक शील उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को पमरे मुख्यालय प्रमुख मुख्य अधिकारियों एवं मण्डल के वरिष्ठ मण्डल अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कार्मिक विभाग निरीक्षकों एवं पर्यवेक्षकों ने सराहनीय भूमिका निभाते हुए सफल बनाया।

# जनेकृविवि केंद्रीय कर्मचारी संघ चुनाव में साइकिल पैनल ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की

## निखिल कृषि विवि केन्द्रीय कर्मचारी संघ के बने अध्यक्ष

**जबलपुर, यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय केंद्रीय कर्मचारी संघ के चुनाव में साइकिल पैनल एवं तराजू पैनल के मध्य कड़ी टक्कर बताई जा रही थी, लेकिन चुनाव उपरांत जो परिणाम सामने आए उसमें साइकिल पैनल के अध्यक्ष, महासचिव, उपाध्यक्ष एवं समस्त सदस्यों ने भारी मतों से अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक जीत दर्ज की। कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के अमित शुक्ला ने जानकारी देते हुये बताया कि अध्यक्ष पद हेतु साइकिल पैनल के निखिल द्विवेदी, महासचिव पद हेतु शैलू यादव एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु राम प्रसाद पटेल ने भारी मतों से जीत दर्ज कर इतिहास बनाया है। इस दौरान विश्वविद्यालय के समस्त कर्मचारियों द्वारा इस ऐतिहासिक जीत पर विजयी प्रत्याशियों को फूलमाला एवं गुलदस्ते के साथ बधाई एवं शुभकामनायें दी। समस्त विजय पदाधिकारियों द्वारा हनुमान मंदिर में पूजा उपरांत भव्य जुलूस निकालकर विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के डीन, विभागाध्यक्ष,



वैज्ञानिकों, अधिकारियों से मिलकर खुशी एवं आशीर्वाद प्राप्त किया साथ ही समस्त कर्मचारी मतदाता बंधुओं को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। जुलूस में रमाकांत मिश्रा, राकेश बोरकर, राजेश श्रोती, वीरेन्द्र पटेल, गंगाराम मंडलोई, जे.पी. श्रीवास्तव, एस.पी. त्रिपाठी, संयोग मिश्रा सहित अन्य शामिल हुये और सभी ने विजयी पदाधिकारियों को बधाईयां दी।

### 2023-25 के लिये निर्वाचित प्रत्याशी

निखिल द्विवेदी, अध्यक्ष, शैलू यादव ,महासचिव रामप्रकाश पटेल, कोषाध्यक्ष के.एन. मौर्य,सदस्य वि.वि., ओपी लोधी, सदस्य वि.वि., अजय एस. डोगरे, सदस्य वि.वि, अभिनव तिवारी, सदस्य वि.वि, रामू शर्मा,सदस्य वि.वि., रामभजन कुशवाहा, सदस्य कृषि महाविद्यालय, आर.एल. कुलस्ते, सदस्य कृषि महाविद्यालय, विशाल कुमार दुबे, सदस्य कृषि महाविद्यालय, सुशील लोधी, सदस्य कृषि महाविद्यालय एस.सी. बागदरें, सदस्य,कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय शामिल हैं।

# शताब्दीपुरम ई डब्ल्यू एस क्वॉटर में पानी की नई पाइप लाइन का भूमिपूजन

**जबलपुर, यशभारत।** स्वामी विवेकानंद वार्ड के अंतर्गत शताब्दीपुरम ई डब्ल्यू एस क्वॉटर फेस 2 में क्षेत्रीय जनता की मांग पर पानी की नई पाइप लाइन डाली जा रही हैं । इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद श्रीमति सोनिया रंजीत सिंह द्वारा पूजन किया गया । इस मौके पर राहुल बेन, रूपा दहिया पूनम राजपूत नरेश रामचंद्रनी ,प्रवीण अग्रहरी बलराम पटेल अनिल मंगनानी दीपक केसरवानी



भूपेंद्र सिंह सुंदर विकास सक्सेना नरेंद्र साहू प्रकाश दहिया नीलेश कुमार जैन नीलम जैन लक्ष्मी ठाकुर जगन्नाथ साहू आदि मौजूद रहे।

# सभी शासकीय महाविद्यालय शिक्षक एवं विद्यार्थियों का प्रशिक्षण समय सीमा पर पूर्ण कराएं

# एलएमएस प्रशिक्षण होगा बहुउपयोगी सिद्ध

**जबलपुर, यशभारत।** उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र.शासन, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, भोपाल द्वारा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के अंतर्गत प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों के स्नातक तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को एलएमएस प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त संबंध में जबलपुर संभाग के सभी शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो/सभी जिला नोडल अधिकारियों की एक ऑनलाइन



बैठक का आयोजन डॉ. लीला भलावी, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग, जबलपुर संभाग, जबलपुर द्वारा किया गया। राज्य कार्यालय भोपाल से डॉ. स्नेहा खरे ने जबलपुर संभाग के सभी षासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्या, शिक्षकों,टीपीओ, मेंटरों एवं विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के सभी माडयूल समय सीमा पर पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किये। प्राचार्यो को निर्देश प्रदान किये की वह प्रशिक्षण को गंभीरतापूर्वक लेते हुये शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से प्रशिक्षण पूर्ण कराते हुये जानकारी राज्य कार्यालय को प्रेशित करें। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग ने बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि एल.एम.एस. प्रशिक्षण शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है। जबलपुर संभाग के सभी शासकीय महाविद्यालय शिक्षक एवं विद्यार्थियों का प्रशिक्षण समय सीमा पर पूर्ण करायें। उक्त ऑनलाइन बैठक में जबलपुर संभाग के 86 शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ.एस.पी.सनसेर, संभागीय नोडल अधिकारी, छिंदवाड़ा एवं सभी जिले के जिला नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# 16को पुरानी पेंशन के लिए महामार्च का आयोजन

जबलपुर यशभारत ।कल रविवार 16 अप्रैल को पुरानी पेंशन लागू करने की एक सूत्रीय मांग को लेकर पूरे देश के साथ शहर में भी महामार्च का आयोजन किया गया है ।जिसमें केंद्र के साथ राज्य सरकार के कर्मचारी बड़ी संख्या में शिरकत करेंगे ।कलेक्ट्रेट पहुंच कर ज्ञापन सौंपा जाएगा ।जानकारी के अनुसार राष्टीय पेंशन बहाली आंदोलन के तहत पूरे देश के797जिलों में नयी पेंशन योजना में शामिल कर्मचारी पैदल मार्च में शामिल होंगे ।जबलपुर में भी अभियान के तहत नगर के सभी सुरक्षा संस्थानों के साथ केंद्र सरकार के अन्य विभागों और राज्य सरकार के सभी विभागों के नयी पेंशन योजना से जुड़े कर्मचारी सुबह 9 बजे शहीद स्मारक से कलेक्ट्रेट तक निकलने वाले पैदल मार्च में शामिल होंगे।

# जबलपुर में कृषि आदान विक्रेताओं का जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर जिला कृषि आदान विक्रेता संगठन का वार्षिक सम्मेलन होटल कृष्णा में प्रादेशिक संगठन अध्यक्ष मानसिंह राजपूत, राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय रघुवंशी जी. संभागीय अध्यक्ष आनंद कपूर एवं जिलाध्यक्ष श्री जयेश ओझा की गरिमामयउपस्थिति में संपन्न हुआ । सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । तत्पश्चात् प्रदेश अध्यक्ष मानसिंह राजपूत ने व्यापारियों से सही व्यापार करने का आहान किया एवं ऑनलाइन व्यापार को कृषि व्यवसाय में न करने की सलाह दी और चेताया कि इसमें किसानों एवं देश का बड़ा नुकसान होगा. साथ ही प्रादेशिक अध्यक्ष मानसिंह राजपूत ने संगठन की एकता और सभी को




संगठित होकर सजगता से व्यापार करने की सलाह दी ।सम्मेलन को वरिष्ठ व्यापारी महेन्द्र सिंघई एवं डॉ. विष्णु चौरसिया आदि ने भी सम्बोधित किया एवं अंत में जबलपुर संघ की ओर से सभी का आभार माना गया।

# ऋचा तिवारी को मिली पीएचडी उपाधि

**जबलपुर, यशभारत।** उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश के वरिष्ठ अधिवक्ता रहे स्वर्गीय रामनाथ तिवारी की पुत्री ऋचा तिवारी की मुख्य मौखिक परीक्षा (Final Viva) 10 अप्रैल को संपन्न हुई, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के द्वारा तीन दिवस में जारी किया गया पीएचडी अवॉर्ड नोटिफिकेशन में ऋृचा तिवारी ने इतिहास विषय में, भोपाल रियासत के विलीनीकरण में प्रजा मंडल की भूमिका 1947 से 1950 शीर्षक पर निर्देशक डॉ बीसी जोशी, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदा पुरम, के मार्गदर्शन में शोध कार्य पूर्ण किया एवं उपाधि प्राप्त की। ऋृचा तिवारी अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर की असीम अनुकंपा, माता पिता और गुरुजनों का आशीर्वाद, परिवार का पूर्ण सहयोग और मित्रों की सहभागिता को देती है।



# बुद्धिज्म आईडोलॉजी इन मॉर्डन इरा विषय पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस

## शिक्षा प्रणाली को रोजगारोन्मुख बनाएं

**जबलपुर, यशभारत।** ज्ञान गंगा कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में बुद्धिज्म आईडोलॉजी इन मॉर्डन इरा विषय पर इंटरनेशनल कॉन्फेन्स आयोजित की गई। जिसमें रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति प्रोफेसर कपिल देव मिश्र ने मुख्य आतिथि की आसंदी से महात्मा बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डाला व उनकी शिक्षाओं की वर्तमान समय में अनिवार्यता प्रतिपादित की। सांची यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर डॉ.



नीरजा ए. गुप्ता ने भगवान बुद्ध के चार आर्य सत्य व अष्टांगिक मार्गो की व्याख्या की । रजिस्ट्रार डॉ अलकेश चतुर्वेदी ने अर्थव्यवस्था में बुद्धिज्म का प्रभाव एवं नई शिक्षा प्रणाली में इसकी प्रासांगिकता को अभिव्यक्त किया। ज्ञान गंगा ग्रुप प्रमुख इंजी. डी. सी. जैन ने वर्तमान शिक्षा प्रणाली में हुए परिवर्तनों को कारगर बताकर शिक्षा प्रणाली को रोजगारोन्मुख बनाने की बात कही। वहीं ज्ञान गंगा सचिव डॉ. रजनीत जैन ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा नए उद्यमों की स्थापना हेतु किए जा रहे कार्यों की विवेचना करते हुए, बौद्ध शिक्षा शिक्षा पद्धति में प्रासंगिता को स्पष्ट किया। कार्यक्रम में ज्ञानगंगा प्रबंध समिति से पंकज गोयल, इंजी. अपूर्व सिंघई, ईजी विशेष जैन ने कार्यक्रम में अपनी विशेष उपस्थिति दी।

# 25 से अधिक अधिकारी, कर्मियों को निगमायुक्त ने जारी किया नोटिस, वेतन पर लगाई रोक

**जबलपुर, यशभारत।** निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े के द्वारा न्यायालयीन प्रकरणों की आज समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि माननीय न्यायालय के समक्ष समय पर प्रतिवेदन एवं जबाव प्रस्तुत संबंधित अधिकारियों द्वारा नहीं किये जा रहे हैं, जिसके कारण निगम की छवि धूमिल हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे 25 से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी कर सात दिन के अंदर जबाव प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दिये हैं साथ ही आगामी आदेश तक सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के वेतन आहरण पर भी रोक लगाई है।इस संबंध में निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने बताया कि आज जिन अधिकारियों-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है उनमें अधीक्षण यंत्री अजय शर्मा, उपायुक्त पी.एन. सनखेरे, सहायक आयुक्त श्रीमती अंकिता जैन, स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, सहायक यंत्री सुनील दुबे, मनीष तड़से, सुश्री चेतना चौधरी, जागेन्द्र सिंह, सहायक अतिक्रमण अधिकारी सागर बोरकर, उपयंत्री अनुपम शुक्ला, पवन ठाकुर, पवन श्रीवास्तव, सतेन्द्र दुबे, पंकज अवस्थी, दिग्दर्श सिंह, प्रदीप मरावी, दल प्रभारी नरेन्द्र कुशवाहा, कुलदीप त्रिपाठी, ऐहसान खान, लक्ष्मण कोरी, लिपिक श्रीमती आशिमा द्विवेदी, श्रीमती रश्मि आर्मो, दीपक शर्मा, तरूण जैन, मुकेश पटैल, के नाम शामिल हैं।

# रॉबर्ट मार्टिन जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष, राकेश बने प्रदेश संयोजक

**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने बताया कि संगठन के समस्त पदाधिकारियों की एक बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मिति से यह निर्णय लिया गया कि रॉबर्ट मार्टिन को मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन का प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाए। यह निर्णय संगठन के समस्त पदाधिकारियों के द्वारा इनकी लम्बे समय से कर्मचारियों के हित में कार्य करते रहने और संगठन के प्रति समर्पण भावना को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। साथ ही श्री राकेष श्रीवास को समस्त पदाधिकारियों की सहमती से प्रांतीय संयोजक बनाया गया। अपना पद ग्रहण करने के बाद दोनो ही पदाधिकारियों ने प्रदेष स्तर पर कार्यकारणी गठित करने और कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण एवं मांगो को पूरा कराने हेतु प्रदेश संघ के समस्त जिलों में जिलाध्यक्ष नियुक्त करने की बात कही। सभी के द्वारा इनके निर्णयों का समर्थन करते हुए आगे की रणनीती पर कार्य करने





पर जोर दिया गया। संगठन ने आगे बताया कि प्रदेश अध्यक्ष बनने पर रॉबर्ट मार्टिन के द्वारा शहीर मुमताज (उप.प्रांताध्यक्ष) स्टेनली नॉबर्ट (प्रांतीय सचिव) धनराज पिल्ले (प्रांतीय सचिव) आर.पी.खनाल (प्रांतीय सचिव) बनाए गए। एवं सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा इन्हे बधाई दी गई एवं इनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। संगठन ने बताय कि सभी पदाधिकारियों को जहां एक ओर जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा बधाई दी गई वहीं जागरूक क्रिष्चियन मंच एवं जागरूक खेल संघ के पदाधिकारियों ने भी बधाई प्रेषित कर सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संगठन के-दिनेश गौड़, हेमंत ठाकरे, एनोस विक्टर, सधीर अवधिया, क्रिस्टोफर नरोन्हा, गुडविन चार्ल्स, सुधीर पावेल, रऊफ खान, रॉबर्ट फ्रांसिस, आदि ने उपस्थित होकर नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई प्रेषित की।

## बड़ा फुहारा

# महिलाओं ने कहा ठेला-टोकनी वालों ने कबाड़ा कर दिया हृदय स्थल को

**जबलपुर, यशभारत।** शहर के हृदय स्थल की दुर्दशा को लेकर अब महिलाएं भी आगे आ गई है। महिलाओं का कहना है कि शहर के सबसे बड़े बाजार को सुव्यवस्थित करने के प्लान बहुत तैयार हुए हैं लेकिन मूर्त रूप से काम नहीं हुआ। महिलाओं का कहना है कि ठेला-टोकनी वालों ने कबाड़ा कर दिया है। सड़क किनारे और दुकानों के सामने ठेला-टोकनी का जमावड़ा रहता है जिसकी वजह से यातायात अव्यवस्थित होता है साथ ही व्यापारियों को भी परेशानी होती है। घर, दुकान ,ऑफिस को सजाने, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक आइटम, सोने-चांदी के आभूषण खरीदने से लेकर लोग इस बाजार में पहुंचते हैं। लेकिन उनके जहन में मुख्य बाजार में वाहनों की धमाचौकड़ी और अव्यवस्था यातायात आता है तो वह बाजार में आने से बचते हैं।



आमजन से व्यापारी भी इस बात को लेकर चिंतित हैं कि त्योहारी सीजन में मुख्य बाजार की ओर आने वाली भीड़ की वजह से बिगडने वाली यातायात व्यवस्था को कैसे सुधारा जाएगा। खासतौर पर त्योहारी सीजन के दिनों में इस व्यवस्था को बेहतर करने अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया है। इधर शहर की यातायात व्यवस्था की बागडोर संभालने वाली यातायात पुलिस के मुताबिक त्योहारी सीजन पर लोगों की भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने की योजना तैयार की जाती है। इस बार भी मुख्य बाजारों की ओर आने वाले रास्तों को वन-वे कर भीड़ और वाहनों से राहत दी जाती है।

यू-ट्यूब की खबरें देखने के लिए स्कैन करें क्यूआर कोड



बड़ा फुहारा एवं आसपास के क्षेत्र में आने के लिए प्रशासन ने सभी रास्तों को बंद कर रखा है! जिससे चार पहिया वाहन से आने के लिए उपभोक्ता परेशान हो जाता है! साथ ही यहां रहने वाले निवासी भी चार पहिया वाहन से अपने घर नहीं आ सकते।

**तनुराग नवनीत जैन, कोषाध्यक्ष**



दुकान में आने वाले ग्राहकों से पहले ही कह दिया जाता है कि वे अपने वाहन व्यवस्थित खड़े करें। त्योहारी सीजन पर बाजार में चार पहिया वाहनों के आवागमन से परेशानी तो होती है।

**रितु जैन, गृहणी**



त्योहारी सीजन में बाजार में सबसे ज्यादा परेशानी यातायात को लेकर होती है। दुकानों से सामने और सड़क किनारे लगी दुकानों से यातायात व्यवस्था, अव्यवस्था में बदल जाती है।

**स्वाति जैन, अध्यक्ष दिगंबर जैन महिला परिषद**



यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए हमेशा से प्रयास हुए हैं, लेकिन इसे सुधारा नहीं जा सका। मुख्य बाजार में वाहनों का जाम अब आम हो गया है। इसे सुधारना होगा।

**गजल जैन, गृहणी**



कमानिया से फुहारा के बीच जो दुकाने लगती हैं उनसे यातायात और पैदल चलने वालों को बहुत दिक्कत होती है कई बार जल्दी जाना होता है तो बीच में दुकानें लगने से ट्राफिक हो जाता है जिससे आने जाने में परेशानी होती है।

**अंजू जैन, सचिव लार्डगंज महिला परिषद**

# 18 अप्रैल को जबलपुर आ रहे संघ प्रमुख भागवत, तैयारियों में जुटा प्रशासन

**जबलपुर यशभारत।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का आगमन होने जा रहा है। 18 अप्रैल को जबलपुर में आयोजित संत समागम में भाग लेंगे। इस दौरान संघ प्रमुख का व्याख्यान भी रखा गया है। इन बेहद खास मेहमानों के स्वागत के लिए सनातन धर्म महासभा काफी उत्साहित है वहीं जिला प्रशासन भी इस बड़े आयोजन की तैयारियों में जुटा हुआ है। जिला कलेक्टर इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक ले रहे हैं। उधर सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस प्रशासन और खुफिया तंत्र अलर्ट पर है।



### श्यामदास महाराज की पुण्यतिथि का कार्यक्रम

बता दें कि 18 अप्रैल को डॉ. स्वामी श्यामदास महाराज की दूसरी पुण्यतिथि है। उनकी पुण्यतिथि को भव्यता प्रदान करने और उससे लोगों को जोडने सनातन महासभा की ओर से अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। नरसिंह मंदिर परिसर में 12 से 18 अप्रैल तक श्रीराम कथा, संत समागम, श्रीरामार्चा महायज्ञ अवदेव आराधन का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में देश भर से संत महात्मा शिरकत करेंगे।

### समापन पर शामिल होंगे भागवत और योगी

धार्मिक आयोजनों के अंतिम दिन 18 अप्रैल को श्री विग्रह का अनावरण कार्यक्रम है। इस मौके पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत उपस्थित रहेंगे। आरएसएस प्रांत प्रचारक प्रमुख विनोद कुमार ने बताया कि 18 अप्रैल को नरसिंह मंदिर के सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में सरसंघचालक मोहन भागवत का उद्बोधन होगा।

# मदन महल जीआरपी चौकी का निरीक्षण

## प्रभारी राजेश राज ने किया पुष्पगुच्छ से स्वागत

**जबलपुर यश भारत।** जीआरपी थाना प्रभारी शशि धुर्वे ने पदभार ग्रहण करने के बाद जीआरपी चौकी मदन महल का निरीक्षण कर अधिकारी कर्मचारियों को अपराध की रोकथाम एवं जीआरपी एमपी हेल्प एप डाउनलोड कराने निर्देशित किए एवं मामलों की डायरियो का अवलोकन किया स्टेशन में यात्री महिलाओं से संवाद कर जीआरपी एमपी हेल्प एप डाउनलोड कराये निरीक्षण के दौरान उन्होंने जीआरपी कर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि रेलयात्री की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आप बेहतर कार्य करें जिससे कि यात्रियों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना ना करना पड़े इसके साथ ही उन्होंने स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया का भी निरीक्षण किया साथ ही अधीनस्थ कर्मचारियों को आदेशित किया कि कोई भी संदिग्ध व्यक्तियों एवं मदन महल रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली हर गाड़ियां पर पैनी नजर रखते हुए अपराधियों पर शिकंजा कसे जिससे कि कोई अप्रिय वारदात घटना हो/



# डॉ. ब्रज मोहन अग्रवाल ने जिस मेडिकल कॉलेज से शिक्षा ली वही देहदान

**जबलपुर यशभारत।** जीवन भर चिकित्सा की रोशनी फैलाने वाले डॉक्टर ने जिस मेडिकल कॉलेज से शिक्षा प्राप्त की, उसी । कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए अपनी देहदान कर- डॉ. ब्रज मोहन अग्रवाल दी। अब उनकी देह मेडिकल छात्रों को शिक्षा का आलोक देगी। गुरुवार को जय नगर लेबर चौक के समीप निवासी 85 वर्षीय डॉ ब्रज मोहन अग्रवाल की मृत्यु के बाद परिजनों ने उनकी देह दान कर दी। उनकी इच्छानुसार पार्थिव देह को मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग के सौंपा। उनकी आंखें भी स्थानी निजी नेत्र चिकित्सालय को दान दी गई। नेताजी सुभाष चंद्र बोर मेडिकल कॉलेज में प्रायोगिव अध्ययन के लिए भावी चिकित्सकं को मृत देह की आवश्यकता होती है डॉ. अग्रवाल के भतीजे गौरव बताया कि 2010 में उनके ताऊ देहदान के लिए कलेक्ट्रेट में संकल पत्र भरा था। गत 11 अप्रेल को उनक निधन हुआ । अब भावी चिकित्सकं के अध्ययन के काम में उनकी दे आएगी। डॉ. अग्रवाल रामकिशोर के पति एवं यूनियन बैंक से रिटाय जीजी अग्रवाल के अग्रज और कटनी संजय अग्रवाल और योगेश अग्रवाल के मामा थे।



## कछपुरा रेलवे ट्रेक पर सिर मिला धड़ से अलग

# पत्नी के विरह में पति ने मौत को लगाया गले, हद से ज्यादा करता था प्यार



**जबलपुर, यशभारत।** संजीवनी नगर थाना अंतर्गत उस वक्त हड़कंप मच गया जब कछपुरा रेलवे ट्रेक पर एक युवक की क्षतविक्षत लाश बरामद की गई। जिसका सिर, कटकर धड़ से अलग पड़ा हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर, प्रारंभिक जांच शुरु की तो पता चला कि शव भूलन बस्ती निवासी युवक का है। जिसने पत्नी के विरह में मौत को गले लगा लिया। बताया जा रहा है कि मृतक अपनी पत्नी से बेहद प्यार करता था, लेकिन घरेलु विवाद के चलते पत्नी उसे छोड़कर चली गयी थी। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिली कि कछपुरा रेलवे पातों में एक युवक का शव पड़ा हुआ है। जिसके बाद घटना स्थल पहुंची टीम ने शव की तलाशी ली तो मृतक की पहचान अमरलाल कोल 35 साल निवासी भूलनबस्ती के रुप में हुई।

पुलिस ने बताया कि पतासाजी के दौरान मृतक के परिजनों ने बताया कि करीब दो साल पहले मृतक की पत्नी उसे छोड़कर अपने मायके चली गयी थी। लेकिन मृतक पत्नी को बेहद प्यार करता था इसलिए दूसरी शादी नहीं की और पत्नी के विरह में मानसिक तनाव में आकर उसने यह कदम उठाया। बहरहाल मृतक के पास किसी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले की पड़ताल जारी है।


## नाम सुधार सूचना

मैं स्वपन कुमार विश्वास EX-HAV 14563093 N, वर्तमान निवासी म.नं. G-104, रामेश्वरम् कालोनी, पोस्ट ऑफिस विजयनगर, जबलपुर म.प्र. निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि (1) मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम अंग्रेजी में ARCHNA BISWAS दर्ज है जो गलत है। सही नाम ARCHANA BISWAS है। प्रमाण हेतु आधार कार्ड, पेन कार्ड, दसवीं की मार्कशीट, एडमिट कार्ड की प्रतिलिपियां शपथ पत्र के साथ संलग्न है (2) यह कि- जहां-जहां मेरी पत्नी का नाम ARCHNA BISWAS दर्ज है, उसे विलोपित कर ARCHANA BISWAS दर्ज किया जाये।

पूर्व नाम-ARCHNA BISWAS
सुधार नाम- ARCHANA BISWAS



## पश्चिम मध्य रेल्वे
सामग्री प्रबंधन बिभाग
संख्या वरि निविदा सूचना-भंडार आपूर्ति हेतु ई. मं.सा.प्र./ईपीएस/30/2023

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक-पश्चिम मध्य रेल भारत के राष्ट्रपति के ओर से ई, खरीद प्रणाली के जरिये निम्नलिखित विज्ञापन निविदाये आमंत्रित करते है । इसमें हस्तलिखित डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे । पूर्ण विवरण विनिर्देशन के लिए https://ireps.gov.in पर ई-निविदा की जानकारी प्राप्त की जा सकती है । Sr. No.: 1, Tender No.: 94235241, Short Description: Supply, Installation, Commissioning and Testing of split core structure., Tendered Qty.: 12 Nos., Sr. No.: 2, Tender No.: 94225062, Short Description: Supply of Signal Group 2 Aspect, Tendered Qty.: 15 Nos., Sr. No.: 3, Tender No.: 94235255, Short Description: Supply of DSCA module, Tendered Qty.: 10 Nos., Sr. No.: 4, Tender No.: 94235265, Short Description: 6 B Check Kit for 500KVA DG Set of Power Car., Tendered Qty.: 40 Set., Sr. No.: 5, Tender No.: 94235266, Short Description: Supply of spare of integrated power supply., Tendered Qty.: 10 Nos., Sr. No.: 6, Tender No.: 94235267, Short Description: Supply and Fitment of 'D' Check Schedule Maintenance items., Tendered Qty.: 1 Nos., Sr. No. 1 to 6 Opening date: 08.05.2023.

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक,
पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर

कोरोना को हराना है, तो टीका लगवाना है



## कार्यालय प्राचार्य, शासकीय महिला पालीटेक्निक महाविद्यालय, जबलपुर

क्रमांक/मु लि/2023/503 — जबलपुर, दिनांक 6/4/23

### विज्ञापन

शासकीय महिला पालीटेक्निक महाविद्यालय जबलपुर में कैलेन्डर वर्ष दिनांक 1.7.2023 से 30.6.2024 की अवधि के लिए (अनुबंध पर) महाविद्यालय/ छात्रावास परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का कार्य भूतपूर्व सैनिकां द्वारा सुरक्षा कराये जाने हेतु मुहरबंद निविदायें शर्तों के अंतर्गत आमंत्रित की जाती है। मुहरबंद निविदाओं में निम्न सुरक्षा प्रहरियों की मासिक दरें अंकित कर महाविद्यालय के कार्यालयीन कार्य दिवस एवं समय में निविदा दिनांक 25.5.2023 को दोपहर 2 बजे तक जमा की जा सकती है और निविदा दिनांक 25.5.2023 को अपरांह 2.30 बजे खोली जावेगी। उक्त निविदा फार्म विज्ञापन तिथि से दिनांक 18.5.2023 को दोपहर 4 बजे तक रुपए 500.00 (पांच सौ मात्र) संस्था में जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। (भूतपूर्व सैनिक ना मिलने की स्थिति में अन्य पंजीकृत सुरक्षा गार्ड पर विचार किया जा सकता है।)

1 सुरक्षागार्ड भूतपूर्व सैनिकों द्वारा (बिना बंदूकधारी) 03(तीन)
2 सुरक्षा गनमैन भूतपूर्व सैनिकों द्वारा (बंदूकधारी प्रहरी) 02 (दो)

प्राचार्य
शासकीय महिला पालीटेक्निक महाविद्यालय
जबलपुर

जी- 11437/23


# जीआरपी थाना प्रभारी ने ली विवेचको की बैठक

**जबलपुर यशभारत।** यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए थाने में दर्ज पुराने मामले जैसे गुम इंसान वारंट तामील मर्ग एवं 363 अपहरण के मामलों का निराकरण शीघ्र करें इसके साथ ही रेल यात्रियों की सुरक्षा का खास ध्यान रखा जाए यह बात जीआरपी थाना प्रभारी शशि धुर्वे ने पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार थाना स्टाफ के बीच एक विशेष बैठक के दौरान व्यक्त की। विवेचकों की बैठक में उन्होंने यात्रियों के साथ होने वाले गंभीर अपराधों की रोकथाम के लिए भी आदेशित करते हुए कहा कि रेल यात्रियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए बैठक के बाद थाना प्रभारी शशि धुर्वे द्वारा स्टाफ के साथ स्टेशन परिसर का भ्रमण करते हुए वहां के कुलियों से भी बातचीत की गई जिनको बताया गया कि यदि आपको कोई संदिग्ध व्यक्ति या स्टेशन परिसर में लावारिस समान दिखता है तो इसकी सूचना जीआरपी को तुरंत दें जीआरपी थाना प्रभारी ने स्टाफ से आगे कहा कि विभिन्न ट्रेनों में यात्रा करने वाली अकेली महिला, युवती, बुजुर्गों व दिव्यांगजनों से संपर्क कर उनसे यात्रा में सुरक्षा के संबंध में जानकारी भी ली गई।




































# भोपाल के वार्ड 61 और 85 के 22 स्थानों पर 30 प्रतिशत महंगी हुई प्रापर्टी



भोपाल, यशभारत।जिला प्रशासन और पंजीयन विभाग के अधिकारी भले ही यह मान रहे हों कि प्रापर्टी की दरें बढ़ाने के बाद भी खरीदी-बिक्री में कोई असर नहीं होगा।पर यह मानना गलत है। दरअसल जहां सबसे अधिक जमीन, मकान , प्लाट की खरीदी-बिक्री हो रही थी, उन्हीं क्षेत्रों में एक 25 नहीं बल्कि 30 प्रतिशत तक प्रापर्टी की दरें बढ़ा दी गई है। जिले के ग्रामीण क्षेत्र के साथ ही शहरी क्षेत्र के वार्ड नबर 61 और 85 के लगभग22 स्थानों पर 30 प्रतिशत तक प्रापर्टी की दरें बढ़ा दी गई हैं। इससे एक हजार वर्गफीट का प्लाट खरीदने पर 60 से 70 हजार रुपये की अधिक राशि चुकाना पड़ेगी। तो वहीं रजिस्ट्री कराना भी 25 हजार से एक लाख रुपये तक महंगा हो गया है। बता दें कि जिले में एक अप्रैल से 733 स्थानों पर जमीन की दरों में एक से 25 प्रतिशत तक की वृद्धि की गई है।इस वजह से अब इन स्थानों पर रजिस्ट्री कराना महंगा हो गया है।

## रजिस्ट्री के लिए देना पड़ रहे 2.89 लाख रुपये

वार्ड 61 और 85 में खजूरी कलां सड़क पर ही प्लाट के दाम 17 हजार 600 रुपये प्रति वर्गमीटर कर दिए गए हैं। जहां एक हजार वर्गफीट के प्लाट की रजिस्ट्री कराने पर 2,20 लाख रुपये खर्च करना पड़ रहे थे। यहां 30 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की गई है। जिससे अब रजिस्ट्री कराने पर 2.89 लाख रुपये देना पड़ रहे हैं।ऐसे में खरीदार को 69 हजार 500 रुपये तक महंगी रजिस्ट्री करानी पड़ रही है। इसी तरह सफायर पार्क सिटीमें प्लाट 2022-23 में 20 हजार प्रति वर्गमीटर था। उस समय एक हजार वर्ग फीट के प्लाट की रजिस्ट्री कराने पर ढाई लाख रुपये खर्च करना पड़ रहे थे, यहां पर 25 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। ऐसे में यहां पर एक हजार वर्गफीट प्लाट के लिए तीन लाख 10 हजार रुपये देने पड़ेंगे। ऐसे में रजिस्ट्री कराने वालों को अब 60 हजार रुपये अधिक देने होंगे। महिला के नाम रजिस्ट्री कराने पर स्टांप ड्यूटी में दो प्रतिशत की छूट मिल सकती है।

## ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रापर्टी खरीदना हुआ महंगा

नई कलेक्टर गाइडलाइन में शहरों में सबसे अधिक स्थानों पर बढ़ोत्तरी की गई है। मेंडोरी गांव जहां पर पिछले कुछ सालों से जमीनों के रेट नहीं बढ़ाए जा रहे थे। वहां 25 प्रतिशत तक जमीनें महंगी कर दी गई हैं। यहां पर पहले 4000 रुपये प्रति वर्गमीटर जमीन की दरें थी, जो अब बढ़कर 5000 पहुंच गई हैं। इसी तरह ग्राम कल्याण पुर में पहले 800 रुपये प्रति वर्ग मीटर जमीन की दरें थी, जिसे बढ़ाकर 1200 रुपये कर दिया गया है। यहां पर 50 प्रतिशत जमीन के रेट बढ़ाए गए हैं।

# ईवीएम सुरक्षित रखने के लिए मध्य प्रदेश में बनाए गए 53 गोदाम

**भोपाल यशभारत। अब इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर वैरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) को सुरक्षित रखने के लिए प्रदेश के 31 जिलों में 53 गोदाम बनाए गए हैं। इनका उपयोग मतदान होने के बाद स्ट्रांग रूप के रूप में भी किया जाएगा। भोपाल और इंदौर में दो-दो गोदाम बनाए गए हैं। निवाड़ी जिले की मशीनें टीकमगढ़ के गोदाम में अलग से रहेंगी।**




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने इस संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि ईवीएम एवं वीपीपैट को सुरक्षित रखने के लिए 220 करो? रुपये की लागत से इन गोदामों का निर्माण कराया गया है। चुनाव परिणाम घोषित होने के 45 दिन तक मशीनों के डेटा को सुरक्षित रखे जाने का प्रविधान है। इस अवधि में यदि कोई चुनाव याचिका नहीं होती है तो फिर आवश्यकता अनुसार मशीनों का उपयोग निर्वाचन आयोग अन्य राज्यों में भी करता है।

अनुपम राजन ने बताया कि अभी गोदाम की पृथक से व्यवस्था न होने के कारण कालेज या जहां स्ट्रांग रूम बनाए जाते हैं, वहां मशीनों को रखा जाता था। गोदामों में ईवीएम की सुरक्षा के निए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। 24 घंटे सशस्त्र सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं। इसके अलावा गोदाम का निरीक्षण करने आए प्रत्येक व्यक्ति का विवरण लाग बुक में दर्ज करने की व्यवस्था है। गोदाम को खोलने की सूचना मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों को पहले ही लिखित रूप में दी जाती है, ताकि वे उपस्थित होना चाहें तो हो सकते हैं।

# सर्वर डाउन होने की वजह से समग्र आइडी अपडेशन में आ रही समस्या



**भोपाल,ईएमएस।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिए पंजीयन का काम तेजी से किया जा रहा है। इसके साथ ही समग्र आईडी अपडेशन, बैंक खाते से आधार लिंक का कार्य भी शिविरों में जारी है।इस दौरान सर्वर ठप होने से कई जगह काम धीमी गति से चल रहा है इसी वजह से पंजीयन करने में काफी समय लग रहा है।जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति ज्यादा खराब है, जहां तकनीकि समस्या के चलते ईकेवायसी से लेकर पंजीयन करने में तक समय लग रहा है। इससे पंचायत कार्यालयों में महिलाओं को काफी इंतजार करना पड़ रहा है।

## अब तक हुए पंजीयन की स्थिति

नगर निगम - 133000
नगर पालिका बैरसिया- 3946
फंदा जनपद - 30952

## कोलार में कलेक्टर ने कराया समस्या का निराकरण

कलेक्टर आशीष सिंह ने कोलार तहसील में लग रहे शिविरों का निरीक्षण किया और यहां आ रही समस्याओ का निराकरण कराया। जिससे जल्द से जल्द महिलाओं के पंजीयन और ईकेवायसी का काम किया जा सके। कलेक्टर अकबरपुर बंजारी फेस एक, आंगनबाड़ी केंद्र बांसखेड़ी कोलार एवं बैरागढ़ चिचली स्थित ईकेवायसी केंद्र पहुंचे और यहां खुद अपडेशन और पंजीयन प्रक्रिया का निरीक्षण किया।

## महिलाओं ने बताया नहीं हो रहा डाटा लिंक

शिविर में कलेक्टर को देखते ही लाड़ली बहना योजना का पंजीयन कराने पहुंची महिलाओं ने बताया कि अपडेशन करने और पंजीयन में काफी समय लग रहा है।यहां आधार और समग्र आईडी का डाटा आपस में लिंक नहीं हो पा रहा है। इसी वजह से उनका अपडेशन नहीं हो पा रहा है। साथ ही अब तक केंद्रों पर बायोमेट्रिक डिवाइस तक नहीं रखी गई है, जिससे अपडेशन का काम तेजी से किया जा सके। यह हाल जिले की अधिकतर पंचायतों में लग रहे शिविर पर बना हुआ है।

# डॉ. आंबेडकर की याद में भोपाल में कई जगह होंगे आयोजन, निकलीं झांकियां



**भोपाल , यशभारत।** देश के संविधान निर्माता डा भीमराव आंबेडकर की जयंती शुक्रवार को श्रद्धा व उत्साह से मनाई गई। शहर में कई स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम हुए । बाबासाहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और केक काटकर डा आंबेडकर की जयंती मनाई गई। बोर्ड आफिस चौराहे पर बाबा साहब की प्रतिमा के आसपास साज-सज्जा की गई और फिर माल्यार्पण का सिलसिला शुरू हुआ। अनुयायियों ने रैली निकाली। तुलसी नगर स्थित आंबेडकर मैदान से रात्रि में मोमबत्ती रैली निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए रात 12 बजे बोर्ड आफिस चौराहा आंबेडकर जयंती प्रतिमा के समक्ष पहुंची। रैली में कई दुपहिया वाहन के साथ सैकढ़ों की संख्या में विभिन्न संगठनों से जुडे आंबेडकरवादी लोग हाथों में बाबा साहब आंबेडकर, जयभीम के झंडे लेकर नारेबाजी करते हुए चले।

## देर रात में आतिशबाजी और केक काटा गया

बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री, चुनाभट्टी, कोलार रोड भोपाल में दी बुद्धभूमि धम्मदूत संघ, अहिरवार समाज संघ, दलित इंडियन चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की), जाग?ा महासभा, अखिल भारतीय मेहरा समाज महासंघ, मप्र सर्व जाठव संघ, आल इंडिया एससी/एसटी एसोसिएशन, अखिल भारतीय बलाई समाज महासंघ, बहुजन सोशल फ्रंट, जय आदिवासी युवा शक्ति, ओबीसी एससी, एसटी एकता मंच, राष्ट्रीय बौद्ध महासभा एवं सैकड़ों सामाजिक समाज सेवी संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में डा बाबासाहब आंबेडकर की 132वीं जयंती का संयुक्त महोत्सव मनाया जाएगा। जयंती महापर्व का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य संयोजक बौद्ध धम्मगुरु भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो और विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं द्वारा गुरुवार रात 10.30 बजे से बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री, चूनाभट्टी कोलार रोड पर आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

## विभिन्न स्थानों से निकलीं झांकियां

भीम मित्र मंडल, पंचशील नगर, राजगीरी बुद्ध विहार, ओम नगर, तथागत बुद्ध विहार महिला मंडल, राहुल नगर, देशम संघटन- कोलार जैसे अनेक आंबेडकरवादी संगठन ज्योतिबा फुले नगर, कोलार कालोनी, आंबेडकर नगर, ललिता नगर, गांधी नगर, राहुल नगर, प्रियदर्शी नगर, अशोका गार्डन, बागसेवनीया से बाबासाहेब आंबेडकर की जीवन प्रसंग पर बनी झांकियां निकलीं।

## महिलाओं ने संभाली जिम्मेदारी

तुलसी नगर आंबेडकर मैदान में तीन दिवसीय आंबेडकर जयंती महोत्सव की शुरूआत पहले ही हो चुकी है। कार्यक्रम के दौरान कव्वाली सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, वहीं महिलाओं द्वारा समारोह का आयोजन किया गया।

# 15 साल से ज्यादा पुराने 245 वाहन स्क्रैप करेगा नगर निगम



**भोपाल , यशभारत।** नगर निगम 15 वर्ष पहले तक खरीदे गए ट्रक, डंपर, एंबेसडर और जेसीबी समेत 245 वाहनों को स्क्रैप करने की योजना बना रहा है। इन कंडम वाहनों को नष्ट करने के लिए आदमपुर छावनी में स्क्रैप सेंटर भी बनाया जा रहा है। इन वाहनों को स्क्रैप करने के बाद वाहनों की कमी दूर करने के लिए नए वाहनों की खरीदी की जाएगी। इसके लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष के बजट में 30 करोड़ रुपये का प्रविधान भी किया गया है।

बता दें कि केंद्र सरकार ने स्क्रैप पालिसी के तहत 15 वर्ष पुराने वाहनों को नष्ट करने पर नया वाहन खरीदने पर 25 प्रतिशत रियायत देने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में आरटीओ द्वारा बिलखिरिया स्थित पांच एकड़ जमीन पर स्क्रैप सेंटर बनाया जा रहा है। इसमें दो करोड़ रुपये की लागत आएगी। यहां छोटी-बड़ी गाड़ियों के हिस्सों को रखने के लिए अलग-अलग गोडाउन बनाया जा रहा है। यहां रोलर के द्वारा कंडम वाहनों को दबाकर लिफ्टर के माध्यम से गोडाउन में भेजा जाएगा। यह स्क्रैप सेंटर मई 2023 तक बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बाद नगर निगम के वाहनों को यहां स्क्रैप होने के लिए भेजा जाएगा।

नगर निगम में 30 प्रतिशत वाहन कंडम

बता दें कि नगर निगम के पास करीब 1400 से अधिक वाहन हैं, इनमें 30 प्रतिशत वाहन कंडम हो चुके हैं। हालांकि, प्रथम चरण में उन्हीं वाहनों को इसमें शामिल किया गया है, जिनकी उम्र 15 वर्ष से अधिक हो चुकी है। इनमें मिनी गारबेज वाहन, जीप, जेसीबी, फायर फाइटर, ट्रक, ट्रैक्टर, डंपर, आटो, हाइड्रोलिक प्लेटफार्म, पशु वाहन, क्रेन, एंबेसडर और एंबुलेंस समेत अन्य वाहन शामिल हैं।

> पुराने वाहनों से प्रदूषण भी बढ़ रहा है और इसमें ईंधन और मरम्मत का खर्च भी अधिक होता है। ऐसे कंडम वाहनों को स्क्रैप करने के बाद नगर निगम नए वाहनों को खरीदेगा, ताकि शहरवासियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराई जा सके।
>
> **-केवीएस चौधरी, आयुक्त, भोपाल नगर निगम**

## अग्निशमन शाखा के 50 प्रतिशत वाहन होंगे स्क्रैप

स्क्रैप पालिसी का असर सबसे अधिक जल व अग्निशमन शाखा पर होगा। इस समय शहर में आग बुझाने के लिए नगर निगम के पास कुल 35 फायर ब्रिगेड और वाटर टैंकर हैं। लेकिन इनमें 16 फायर फाइटर और टैंकर वर्ष 2008 से पहले खरीदे गए हैं। इनती संख्या में वाहनों के कम होने से अग्निशमन विभाग के पास शहर में आग बुझाने के लिए पर्याप्त वाहन नहीं बचेंगे। वहीं जलकार्य शाखा समेत अन्य शाखाओं में लगे 20 ट्रैक्टर और 20 वाटर टैंकर भी स्क्रैप किए जाएंगे।

# अभिनेता आशीष विद्यार्थी ने युवा छात्रों को समझाया जीवन में सफलता का फलसफा



**भोपाल, यशभारत।** खुद को महत्वपूर्ण मानते हुए सुरक्षित क्षेत्र से बाहर निकालकर हमें अपने लिए स्वर्ण अवसर तलाशने होंगे। सपने देखने और उनको पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़नी चाहिए। सपनों को पूरा करने में सैक्रिफाइज भी करना पड़ता है, इसके लिए भी हमें तैयार रहना चाहिए। इसके लिए च्दे जिंदगी को जरा और ले जिंदगी से जराज का मूलमंत्र अपनाना चाहिए। यह सफलता का मंत्र फिल्म अभिनेता आशीष विद्यार्थी ने गुरुवार को रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों को दिया और उन्?हें समझाया कि जीवन में कैसे निरंतर तरक?की के सोपान तय किए जा सकते हैं। वार्षिकोत्सव के दौरान विशेष मोटिवेशनल सेशन आयोजित किया गया, जिसमें आशीष विद्यार्थी ने छात्रों से इंटरेक्टिव अंदाज में बात करते हुए स्वयं को बेहतर बनाने के कई टिप्स दिए। उन्होंने छात्रों से कहा कि हमें अपने को महत्वपूर्ण मानना चाहिए, क्योंकि जब आप स्वयं को महत्वपूर्ण नहीं मानते तो दुनिया कैसे मानेगी। इसके लिए उन्होंने च्इट्स माय लाइफ एंड आइ एम अमेजिंगज का मूलमंत्र दिया। च्आइ ड्रीमज का मूलमंत्र देते हुए उन्होंने कहा कि मैं सुबह साढ़े चार बजे उठता हूं। एक घंटे बड़ा सपना देखता हूं और फिर उसे पूरा करने के लिए मेहनत करता हूं। यही बात हर व्यक्ति अपनाए तो वह जीवन में अपने सभी सपने जरूर सच कर पाएगा। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे ने आशीष विद्यार्थी को स्मृति चिह्न भेंट किया। इस दौरान आइसेक्ट के निदेशक डा. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, प्रो. चांसलर डा. अदिति चतुर्वेदी और वाइस चांसलर डा. ब्रह्मप्रकाश पेठिया समेत बड़ी संख?या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# केवायसी करा कर लौट रही थीं, कार ने मारी टक्कर : बेटी की मौत, मां सहित दो घायल



**भोपाल,ईएमएस। कमलापार्क के पास गुरुवार को दोपहर को सड़क पार कर रही तीन महिलाओं को तेज रफ्तार से आ रही कार ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवती की मौत हो गई, जबकि उसकी मां और एक अन्य महिला घायल हो गई। तीनों लाडली बहना योजना के लिए बैंक से ई केवायसी कराकर वापस घर लौट रही थीं।**

पुलिस ने कार जब्त कर ली है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने घटना के बारे में ट्वीट कर दुख जताया है। साथ ही राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि लाडली बहना योजना में हमारी बहनों को इस तरह से परेशान न किया जाए। उनकी सुरक्षा के पूरे उपाय किए जाएं। श्यामला हिल्स थाना पुलिस के मुताबिक 20 वर्षीय पायल पुत्री लक्ष्मीनारायण यादव, चौबदारपुरा में परिवार के साथ रहती थी। वह कालेज की छात्रा थी। गुरुवार को दोपहर के समय पायल अपनी मां निशा और पड़ोसन रूबी सोनी के साथ ई केवायसी कराने के लिए बैंक गई थी। दोपहर ढाई बजे तीनों महिलाएं कमलापार्क के पास हनुमान मंदिर के सामने से सड़क पार कर रही थीं। इस दौरान पोलीटेक्निक कालेज की तरफ से कमला पार्क की तरफ जा रही कार ने महिलाओं को टक्कर मार दी। तीनों महिलाओं को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चेक करने के बाद डाक्टर ने पायल को मृत घोषित कर दिया। घायल महिलाओं का उपचार चल रहा है।

# हवलदार पर दुष्कर्म, सिपाही पर धमकाने का केस दर्ज, दोनों आरोपी है सगे भाई

**भोपाल , ईएमएस।** हनुमानगंज थाना पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर अपने ही विभाग के एक हवलदार के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज किया है। साथ ही पीड़िता को जान से मारने की धमकी देने पर हवलदार के सिपाही भाई को भी सहआरोपित बनाया है। वर्तमान में आरोपित हवलदार कोलार थाने में, जबकि सिपाही बैरसिया थाने में पदस्थ है। अभी दोनों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हनुमानगंज थाना पुलिस के मुताबिक क्षेत्र में रहने वाली 25 वर्षीय युवती ने शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें बताया कि सात वर्ष पहले वह एक मामले की शिकायत करने हनुमानगंज थाने पहुंची थी। वहां उसका परिचय हवलदार मनीष यादव से हुआ था। मनीष ने मदद करने के बहाने से मोबाइल नंबर मांग लिया था। इसके बाद थाने के पास की एक होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। बाद में शादी करने का भरोसा देकर मनीष लगातार उसका शारीरिक शोषण करने लगा था। वह जब भी शादी करने की बात करती थी, तो मनीष टाल देता था। 15 दिन पहले उसने मनीष से शादी के बारे में स्पष्ट बताने को कहा, तो मनीष ने उसके साथ मारपीट की। साथ ही किसी झूठे केस में फंसा देने की धमकी दी। साथ ही मनीष के भाई योगेश ने भी घटना की शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# भोपाल-जयपुर उड़ान शुरू, पहले दिन यात्रियों में दिखा उत्साह



**भोपाल,यशभारत।** झीलों के शहर भोपाल से गुलाबी नगरी जयपुर का हवाई संपर्क फिर से जुड़ गया है। इंडिगो एयरलाइंस की भोपाल से जयपुर तक सीधी उड़ान गुरूवार से शुरू हो गई। इस उड़ान सेवा को लेकर यात्री उत्साहित नजर आए। यात्रियों के उत्साह के अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि पहले दिन भोपाल से सभी 72 सीटों की बुकिंग हुई। जयपुर के लिए सीधी उड़ान सबसे पहले सरकारी कंपनी एलायंस एयर ने शुरू की थी। करीब चार सालपहले यह उड़ान बंद कर दी गई। इसके बाद स्पाइस जेट ने भोपाल को जयपुर से जोड़ा। कोरोना काल में स्पाइस ने अपना बेस स्टेशन ही बंद कर दिया। नतीजा यात्रियों को कम किराये वाली उड़ान सेवा से वंचित होना पड़ा। अब इंडिगो ने यह कमी पूरी कर दी है। इंडिगो इस रूट पर 72 सीटों वाला एटीआर विमान चला रहा है। पहले दिन इस उड़ान से जयपुर से 64 यात्री भोपाल पहुंचे। भोपाल के 72 यात्रियों ने जयपुर तक सफर किया। यानी 100 प्रतिशत पैसेंजर लोड इस फ्लाइट को मिला।

## समय से पहले एयरपोर्ट पहुंचे यात्री

उड़ान को लेकर यात्रियों के उत्साह का पता इससे भी चलता है कि यात्री निर्धारित समय से काफी समय पहले ही एयरपोर्ट पहुंच गए। जयपुर जा रहे यात्री विनय के अनुसार पहले हम ट्रेन से जयपुर जाते थे, अब एक विकल्प और मिल गया है। इंडिगो की इस उड़ान का संचालन फिलहाल सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरूवार एवं शनिवार को होगा। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी का कहना है कियात्रियों का उत्साह देखकर कंपनी से इस उड़ान को प्रतिदिन चलाने का आग्रह किया जाएगा।

जयपुर-भोपाल-जयपुर उड़ान संख्या 6-ई 7148/ 7468 का शेड्यूल
जयपुर से प्रस्थान - शाम 5.10 बजे
भोपाल आगमन - शाम 7.00 बजे
भोपाल से प्रस्थान - शाम 7.20 बजे
जयपुर आगमन - रात्रि 9.00 बजे

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर निकली वाहन रैली

## ग्रामीण क्षेत्रों में भी हुए आयोजन



**सिहोरा, यशभारत।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉं भीमराव अंबेडकर की जयंती पर नगर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

सबसे पहले नया बस स्टेंड में बाबा साहब के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर अतिथियों स्वागत किया गया तदपश्चात बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित करने के लिए भीम परिवार के संयोजन में सभी जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों ने भूमि पूजन किया गया। तदपश्चात डॉं अंबेडकर युवा मंच एंव अजाक्स के तत्वावधान में बाबाशाला अंबेडकर भवन से विशाल वाहन रैली निकाली गई जिसे विधायक श्रीमती नंदनी मरावी एंव नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संध्या दिलीप दुबे ने झंडी दिखाकर रवाना किया। वाहन रैली कटरा मोहल्ला, झंडा बाजार, कालभैरव चौक,मैना कुआं, बाबाताल से होकर निकली जो खितौला भ्रमण के बाद पुराना बस स्टेंड में सपन्न हुई जहां जयंती पर केक काटा गया एंव प्रसाद वितरण किया गया। रैली में शामिल होने सिहोरा खितौला के साथ ग्रामीण क्षेत्र से भी बडी संख्या में लोग पहुचें थे।

सामाजिक समरसता के प्रणेता,भारतीय संविधान के शिल्पकार,भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने सभी 33 बूथों पर बाबा साहब की जयंती बूथ अध्यक्षों पन्ना प्रभारियों ने मनाई। इसी कडी में बूथ क्रमांक 180 विधायक कार्यालय में विधायक नंदनी मरावी की उपस्थिति में सभी कार्यकर्ताओं ने उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजा मोर,जिला महामंत्री राजेश दाहिया,नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक परौहा,मंडल प्रभारी विनय असाटी,शिशिर पांडे,,अनुपम सराफ,बूथ अध्यक्ष प्रवीण कुररिया,संतोष धैकार,सुप्पी बर्मन,अभिषेक जैन,अंकित तिवारी,अशोक चौधरी, रिंका यादव,गुड्डा जयसवाल,सुग्रीव सेन,राजकुमार तिवारी पत्रकार सहित सभी बूथ अध्यक्ष उपस्थित थे।

बूथ क्रमांक 124 में भी आयोजन

भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर आज गांधीग्राम के बूथ क्रमांक 124 में उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर विधायक श्रीमती नंदनी मरावी,ज़िला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल के साथ सभी बूथ अध्यक्ष उपास्थित रहे।

जनपद पंचायत सिहोरा की ग्रांम पंचायत कुम्ही सतधारा में सरपंच मोहन मिश्रा के संयोजन में बाबा साहब की 132 वीं जयंती तैलीय चित्र पर माल्यार्पण एंव उन्हें नमन कर मनाई गई। सरपंच ने कहा की भारत रत्न डॉं अंबेडकर ने भारतीय समाज में समानता लाने के साथ दलितों और पिछड़ों को उनका अधिकार दिलाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। इस अवसर पर सचिव सुशील पटेल,उपसरपंच शुखचैन कोल,गोविंदा बर्मन पंच,गोलू कोल,कंचन तिवारी,गुलाब राय,नेहा चक्रवर्ती,मनोज दाहिया,लकी जैन,दिलीप रजक,लक्ष्मी बर्मन, अंजय सोनी,संतोष पटेल, छोटू खान,आनंद मोहन दाहिया, ओम बर्मन,मनीष बर्मन, छोटू कोल,सचिन कोल,रज्जब शाह,संतोष बर्मन,राहुल चक्रवर्ती,सोनू चक्रवर्ती,नरेश पॉल,अरुण श्रीवास आदि लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा ने अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर मनाई जयंती

गाडरवारा(यशभारत) स्थानीय विवेकानंद वार्ड में भारतीय संविधान के निर्माता, सामाजिक समरसता के पुरोधा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई । इस मौके पर भाजपा नेता गौतम पटेल ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा की डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी ने दलितों को समानता दिलाने काफी संघर्ष किया शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा उनके विचार हम सबके लिए प्रेरणादायक है हमें उनका अनुसरण करना चाहिए द्य नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा ने कहा संविधान के रचयिता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी ने जनकल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य



किए द्य इसी क्रम में संविधान के निर्माता बाबा भीम राव अंबेडकर जी की जयंती पर अंबेडकर चौक आयोजित कार्यक्रम को पूर्व विधायक साधना स्थापक ने संबोधित करते हुए कहां की डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए भी कार्य किया, उनका मानना था कि शिक्षा जितनी पुरुषों के लिए आवश्यक है उतनी महिलाओं के लिए भी है । इस अवसर पर भाजपा नेता अनूप जैन अशोक मोलासरिया राजेश जैन राजकुमार पालीवाल भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष जैन, भाजपा नेता राव उदय प्रताप, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहर कांत पटेल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष राव संदीप सिंह, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कमल खटीक, नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रीतेश राय, सभापति सुरेंद्र गुर्जर, आनंद दुबे, प्रवेश राय, श्रीमती पूजा तिवारी, पुष्पा राय, सुषमा साहू, मंडल महामंत्री शैलेश पटेल, अरुण बड़कुर, एससी मोर्चा से बाबूलाल जाटव, उमेद अहिरवार, मंगल सिंह, प्रमोद, वीरेंद्र जाटव, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ से श्याम वैष्णव, सौरभ पटेल, कमलेश विश्वकर्मा हरिशंकर कौरव, सतीश कौरव, रमंक रावत सहित भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता ने उपस्थित होकर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी को श्रद्धांजलि अर्पित की ।

# उत्साह से मनाई अंबेडकर जयंती, युवाओं ने वाहन रैली निकाली



बेलखाडू, यशभारत। बेलखाडू में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर लोगों ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।इस अवसर पर बेलखाडू एवं आसपास के युवाओं द्वारा एक भव्य बाइक रैली बाजे-गाजे के साथ निकाली गई। बेलखाडू के रामबाग बस्ती से रैली की शुरुआत की गई जो सिमरिया तिराहा होते हुए बेलखाडू चौराहा पहुंचकर संपन्न हुई। चौराहे पर युवाओं द्वारा केक काटा गया एवं जय भीम के नारे लगाए गए एवं हर्षोल्लास के साथ डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई रैली में मुकेश चौधरी प्रदीप बर्मन जीत्तू ठाकुर गनेश चौधरी शीतल चौधरी सूरज चौधरी मुकेश चौधरी सुरेंद्र चौधरी रवि चौधरी सोनेलाल चौधरी सुनील चौधरी सौरभ विजय चौधरी मनीष काकरखेड़ा सुनील कनछेदी राकेश सुभाष सज्जू आदि शामिल रहे।

## भारत रत्न संविधान निर्माता 132 वीं जयंती पर स्वाभिमान रविदास सेवा समिति गोसलपुर ने निकाली रैली



**गोसलपुर, यशभारत।** भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती पर शुक्रवार को स्वाभिमान रविदास सेवा समिति गोसलपुर द्वारा रविदास मंदिर शासकीय कन्या शाला से रैली निकाली गई रैली में शामिल समिति के सदस्यों ने बाबा साहब अमर रहे का उद्घोष किया रैली के पूर्व सिहोरा विधायक नंदनी मरावी सहित जनप्रतिनिधियों और समिति के सदस्यों ने बाबा साहब के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किएस्वाभिमान रविदास सेवा समिति गोसलपुर के संयोजन में रैली मंदिर से प्रारंभ होकर गुड़हाई, झंडा बाजार, खिन्नी तिराहा, कछपुरा,जुझारी होते हुए अपने प्रारंभिक स्थल पर समाप्त हुई रैली में भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर का रथ पर विराजमान कटआउट रैली मे आकर्षण का केंद्र रहा बैंड बाजों की धुन पर समिति के सदस्यों के हाथों में नीले ध्वज लहरा रहे थे समिति के सदस्यों व जनप्रतिनिधियों और रैली में शामिल सभी सदस्यों को गुलाब का फूल भेंटकर डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की शुभकामनाएं दी साथ ही संविधान निर्माता के बताए गए सिद्धांतों और आदर्शों पर चलने की शपथ ली।

# भारत रत्न बाबासाहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया

**बरेला, यशभारत।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर की 132 वीं जयंती श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन समस्त कर्मचारी अधिकारी एवं नागरिकों के द्वारा सम्मानीय श्री टी.एस. मरावी सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास की अध्यक्षता में, सम्मानीय श्रीमति रजनी झारिया एडवोकेट हाईकोर्ट जबलपुर के मुख्य आतिथ्य में, सम्मानीय श्री जगदीश प्रसाद झारिया वरिष्ठ समाजसेवी, सम्मानीय श्री विजयसागर सोनकर पूर्व उपाध्यक्ष नगर परिषद बरेला,सम्मानीय श्री खुशीलाल साहू समाजसेवी, सम्मानीय संतोष सिंह मरावी प्रधानाध्यापक,सम्मानीय डा.राममिलन झारिया, सम्मानीय महेश कुमार झारिया, सम्मानीय मनोज झारिया सचिव झारिया मेहरा समाज संगठन बरगी बरेला के विशिष्ट आतिथ्य में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी मंचासीन अतिथियों एवं उपस्थित सम्मानीय जनों के द्वारा दीप ज्योति प्रज्वलित करके बाबासाहब की तस्वीर में श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। एवं उनके द्वारा देश व समाज के प्रति दिये गये योगदानों को याद किया गया। और अपने अपने विचार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री रामकुमार झारिया द्वारा किया गया।इस अवसर पर राधेश्याम झारिया, रामकुमार झारिया, संतोष झारिया, लखन झारिया,कांशीराम धुर्वे, ओजीलाल झारिया,प्रेमासिंह मार्को,आर.पी. झारिया, कन्हैया झारिया, संतोष मरावी, मनोज कुमार पटेल मंजीत झारिया, संतलाल कुर्वेती,इमरतलाल यादव आदि उपस्थित रहे।



# पूरे देश के अनेक राज्यों से उपस्थित होंगे विद्वान

## आज 15 अप्रैल से अंतर्राष्टीय विद्वत संगोष्ठी प्रारम्भ

शहपुरा, यशभारत। संत शिरोमणी आचार्य विद्यासागर जी महाराज द्वारा संस्कृत में रचित निरंजन शतक, सुनीति शतक, श्रमण शतक, परीषह जय शतक, और दोहा शतक पर देश विदेश के विद्वानों द्वारा विशाल संगोष्ठी का आयोजन शहपुरा में दो दिवसीय विद्वत संगोष्ठी का भव्य आयोजन अर्ह योग प्रणेता मुनि श्री प्रणम्यसागर जी महाराज एवं मुनि श्री चंद्र सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में आज प्रातः से हो रहा है। जिसके अंतर्गत आज प्रातः 7ः30 बजे से विशाल जिनवाणी गजरथ यात्रा सम्पन्न होगी। संगोष्ठी का आयोजन प्रतिदिन 3 सत्र में होगा। जिसके अंतर्गत सभी विद्वान अपने विचार रखेंगे। संगोष्ठी में प्रो. राम कुमार शर्मा जयपुर, प्रो. रामनारायण द्विवेदी बनारस, प्रो. शिवराम शर्मा काशी, वज्रभूषण ओझा काशी, डॉ. फ़िरोज़ खान, डॉ. नीलम यादव, डॉ. हिमांशु गौर,



प्रोफ. संगीत मेहता इंदौर, डॉ. ओम प्रकाश सिंह, प्रोफ. उमेश कबीर, डॉ सोनल शास्त्री दिल्ली आदि विद्वान उपस्थित हो रहे हैं। जो आचार्य श्री के शतकों पर अपन चिंतन व्यक्त करेंगे।

## बाबा साहब के योगदान को याद करके अर्पित किए गए श्रद्धा सुमन



**पनागर, यशभारत।** भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती आज पनागर में बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाई गई इस अवसर पर सामाजिक राजनीतिक धार्मिक संगठनों ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किएनगर में जिला ग्रामीण कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में बस स्टैंड प्रांगण में बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने बाबा साहब की घटना पर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात समस्त अतिथियों का स्वागत जिला अध्यक्ष मनोज वंशकार पूर्व पार्षद एवं उनके सहयोगियों ने किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि सम्मति सैनी जी प्रदेश महामंत्री कांग्रेश विनोद श्रीवास्तव वरिष्ठ नेता विमल जैन ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप पटेल अध्यक्ष नगर पालिका महेंद्र चक्रवर्ती उपाध्यक्ष नगर पालिका पारस जैन अध्यक्ष जिला युवक कांग्रेश जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल सदस्य एकता ठाकुर तुलसी कुशवाहा पार्षद ने संबोधित किया बाबा साहब द्वारा देश हित में किए गए कार्य के बारे में बताया एवं भारत के संविधान में उनकी भूमिका एवं पूरे विश्व में एक अलग साख बनाने वाले वह एकमात्र नेता है आज पूरे देश में उनके आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है।



# केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) ने मनाया अग्नि शमन सेवा दिवस

गाडरवारा(यशभारत) एनटीपीसी गांगई गाडरवारा में स्थित सीआईएसएफ फायर स्टेशन पर दिनांक 14-04-2023 को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया तथा अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुंभारम्भ मुख्य अतिथि सीजीएम श्री कमलेश सोनी (परियोजना प्रमुख) के द्वारा किया गया। मुम्बई के विक्टोरिया डॉक यार्ड में 14 अप्रैल 1944 के दिन हुए भीषण अग्निकांड में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को मुख्य अतिथि श्री कमलेश सोनी, सीआईएसएफ के उप कमाण्डेंट श्री श्रेय कुमार पाण्डेय, एनटीपीसी परियोजना के सभी महाप्रबंधक, अपर महाप्रबंधक श्री गुलबीर सिंह चौहान, निरीक्षक/कार्य सचिन वर्मा, उनि/अग्नि जितेन्द्र सारस्वत, उनि/कार्य योगेश वामनकर व एनटीपीसी के अधिकारी/कर्मचारी एंव सीआईएसएफ के सभी जवानों के द्वारा शहीद स्मारक पर श्रद्धाजंली दी गई तथा श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखा गया।

**आम जनमानस को हो रही परेशानी**

# पाइप लाइन बिछाने के लिए खुदी पड़ी सड़क आवागमन हो रहा बाधित

**गोसलपुर, यशभारत।** .जनपद पंचायत सिहोरा के अंतर्गत सबसे बड़ी ग्राम पंचायत कहलाने वाली गोसलपुर पंचायत में ग्रामीण नल जल योजना का काम मंथर गति से चल रहा है गांव की सभी सीसी सडको को पाइप लाइन बिछाने हेतु सीमेंटेड सड़कों को बीचो बीच खोदा गया है परंतु लापरवाही के चलते ठेकेदार के द्वारा सडको को खुदवा तो दिया गया परंतु पाइप लाइन बिछाने का कार्य मंथर गति से चल रहा है जिस कारण महीनों से गांव की सीसी सड़कें खुदी पड़ी है जिस कारण बस्तियों की गलियों में न तो चार पहिया वाहन जा पा रहे हैऔर न ही ऑटो दो पहिया वाहन पहुंच पा रहे हैं यहां तक की लोगों के घर में अगर कोई गंभीर मरीज को लाना ले जाना हो तो एंबुलेंस तक का आना जाना बंद हो गया है इन खुदी सड़कों के कारण राहगीरों के दो पहिया वाहन फिसलकर गिर रहे है अनेक लोग गिरकर



घायल भी हो चुके हैं वही ग्राम पंचायत गोसलपुर के अंतर्गत शंकर कॉलोनी के मुख्य मार्ग को भी पिछले दो सप्ताह से ठेकेदार के द्वारा खुदवा दिया गया है परंतु अभी तक ठेकेदार का कोई भी कर्मचारी इस ओर झांकने तक नहीं आया शंकर कॉलोनी के निवासी सुग्रीव बागरी दिलीप कोष्टा मुन्ना लाल यादव बेडी लाल बर्मन मलखान सिंह ठाकुर राजेंद्र तिवारी सत्यनारायण झारिया सौरभ बर्मन बहादुर सिंह गुड्डा ठाकुर संतोष सोनी जमुना साहू ने बताया की खुदी सड़कों से पैदल चलना भी दूभर हो गया है वही सड़कों मे पड़ी गिट्टी लोगों को घायल कर रही हैं वहीं राहगीरों के साथ मोहल्ला पड़ोस के छोटे बच्चे भी गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं चोटिल हो रहे हैं लोगों ने इस दिशा में शीघ्र ही जिला पंचायत जबलपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी से ध्यान देने की मांग की है

# बरगी नगर तथा आसपास रमजान पर्व की धूम

## चौथे जुम्मे की नमाज की गई अता ।

बरगी नगर, यशभारत ।पवित्र माह रमजान के अवसर पर बरगी नगर सहित आसपास के ग्राम राजाराम डुंगरिया, सोहड, बसहा, मनकेडी, पड़रहा, बरगी, बिजोरा, तथा खापा में रहने वाले मुस्लिम समुदाय के बीच खासे हर्षोल्लास तथा उत्साह के बीच रमजान पर्व में पड़ने वाले रोजे( उपवास) इस्लामी भाइयों द्वारा पूरी श्रद्धा और अकीदत के साथ रखे जा रहे हैं बरगी नगर मदीना जामा मस्जिद में आए मेहमान हाफिज व कारि मौलाना दस्तगीर तथा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज अलीमुद्दीन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह बरकतों का पवित्र माह रमजान है जिसको लेकर इस्लामिक धर्मावलंबियों में आशा उत्साह रहता है इस पूरे माह में विशेष तरावीह की नमाज़ तथा पवित्र कलाम पाक यानि कुरान शरीफ की तिलावत यानी अध्ययन विशेष कसरत से किया जाता है ।पूरे माह में दान जकात खैरात तथा गरीब यतीम मजलूम की विशेष रूप से मदद की जाती है। बरगी नगर मस्जिद के सदर जनाब पप्पू भाई जान ने बताया कि रमजान मांह के 26 में रोजे को विशेष दर्जा प्राप्त है 26 रोजे को शबे कद्र की विशेष रात में विभिन्न धार्मिक आयोजन होते हैं इस रात को धर्मावलंबी पूरी रात धार्मिक अध्ययन में गुजारते हैं। इसी रात में बाहर से विशेष नमाज के लिए बुलाए गए साहब का विशेष इस्तकबाल सम्मान भी किया जाता है।

# ताल तलैया का अस्तित्व मिटाने अमांदा भू माफिया

सिहोरा, यशभारत। इस समय सिहोरा और इसके आसपास के अति प्राचीन उपयोगी ताल तलैया का अस्तित्व मिटाने भू माफिया अमांदा है न तो उनको प्रशासन का डर है न ही नगर की चिंता बस स्वयं का फायदा देख रहे है। एक ओर केंद्र सरकार से लेकर प्रदेश सरकार तक पुराने जल स्त्रोतों को बचाने एवं समय सीमा में नए जल स्त्रोत को मिटाने की कवायद की जा रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मद परिवर्तन कर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित जल स्त्रोतों को नेस्तनाबूद करने माफिया लगातार सक्रिय हैं।

## एसडीएम को पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन

भूमाफिया द्वारा लगातार जल स्त्रोतों मैं सीमेंट कंक्रीट का जंगल तैयार करने के विरोध में गत दिवस नवागत एसडीएम सृष्टि प्रजापति को नगर के पत्रकारों ने ज्ञापन सौंपकर जल स्त्रोतों के संरक्षण की मांग की। जिस पर एसडीएम ने इस मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया। विदित हो



राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे खसरा नं 153/1 रकवा 1.10 हेक्टेयर भूमि का पुराव कर प्लाटिंग की जा रही है जबकि निस्तार पत्रक के मद में तालाब एंव आसपास मवेशियों को पानी पिलाने या कपड़े धोने या सार्वजनिक हित के कोई भी कार्य किया जाना अंकित है। खसरे का डायवर्सन करा कर आवासीय परिवर्तन कर नियमों को धता बताते हुए भू माफियाओं द्वारा रजिस्ट्री की जा रही है चूकी उक्त भूमि में आज भी बारिश का जलभराव होता है एवं साल के 8 महीने उक्त भूमि तालाब नुमा पानी से भरी रहती है। क्षेत्रीय नागरिकों कहना है कि ताल तलैया की वजह से आज नगर का जलस्तर मेंटेन है बल्कि यह आने वाली पीढ़ी के लिए एक जलीय विरासत है सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च करके अमृत सरोवर योजना के तहत तालाबों एवं तलैयों को गहरीकरण और पुनर्निर्माण का कार्य किया जा रहा है वही जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को चाहिए कि वह इन तालाबों की अभियान चलाकर साफ सफाई एवं सुरक्षा की जाए । नगर के लोगों ने पत्रकारों के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधियों से मांग की है की खसरा नम्बर 153/1 में रजिस्ट्री की रोक लगाई जाये और उक्त भूमि के खसरे में तत्काल अहस्तांतरित दर्ज कर संबधित भू माफियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाये।

## अजाक्स ने बाबा साहेब की जयंती मनाई



**कुंडम, यशभारत।** कुंडम के अंबेडकर भवन में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती समारोह का आयोजन किया गया जिसमें अजाक्स संगठन के साथ ही समाज के वरिष्ठ बुद्धजन एवं बड़ी संख्या में युवा बाजे गाजे के साथ रैली के पश्चात यहां उपस्थित हुए समारोह में श्री बीरन प्रसाद झारिया संरक्षक श्री नेतराम झारिया जिला महासचिव श्री तुलसीराम तेकाम तह,अध्यक्ष श्री कौशल प्रसाद झारिया संरक्षक श्री जी.आर. झारिया उपाध्यक्ष श्री मुश्कीलाल झारिया उपाध्यक्ष श्री बी.पी.उर्वेदी प्रवक्ता श्री कृपाल प्रसाद झारिया,श्री वीरेन्द्र तेकाम,वरिष्ठ पत्रकार श्री प्रहलाद झारिया,श्री गणेश झारिया श्री महेश कुलस्ते श्री राकेश झारिया श्री आशीष धुर्वे प्रीतम झारिया श्री सुशील उईके श्री कमलेश झारिया,राजेश झारिया,संतोष झारिया,श्रीमती सुमतिया कुलस्ते,आदि सम्मानीय जनों की उपस्थिति सराहनीय रही। बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला गया उनके आदर्श शिक्षित बनो,संगठित रहो,संघर्ष करो के माध्यम से समाज में जागृति लाने का संकल्प लिया गया संविधान की प्रस्तावना को भी सभी ने आदर और सम्मान से दोहराया।

# गोटेगांव नगर में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा का भव्य अनावरण

**केंद्रीय राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं फग्गन सिंह कुलस्ते की उपस्थिति में सिलावट सेवा समिति द्वारा कार्यक्रम का आयोजन**

## देवीगीत गायिका शहनाज अख्तर द्वारा रंगारंग प्रस्तुति

**गोटेगांव, यशभारत।** भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के पुनीत उपलक्ष्य में सिलावट सेवा समिति गोटेगांव द्वाराप्रतिमा अनावरण ,विचार गोष्ठी, स्नेह भोज एवं गीत संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। नरसिंहपुर विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल मुन्ना भैया के सतत मार्गदर्शन में सिलावट समाज गोटेगांव द्वारा किए गए इस कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री माननीय प्रह्लाद सिंह पटेल एवं केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री माननीय फग्गन सिंह कुलस्ते मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। युवा नेता मणि नागेंद्र सिंह पटेल के दिशा निर्देशन में आयोजित प्रतिमा



अनावरण कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री दृय के साथ नरसिंहपुर विधायक श्री जालम सिंह पटेल एवं जिला पंचायत नरसिंहपुर की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया ,नगर पालिका अध्यक्ष पूनम जितेंद्र ठाकुर, जनपद अध्यक्ष श्रीमती आरती सतीश पटेल, श्रीमती श्रद्धा पंकज चौकसे एवं श्रीमती जानकीबाई दादूराम पटेल ने युगपुरुष डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा का पूजन करते हुए इसे आम जनता के लिए समर्पित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं नगरपालिका गोटेगांव से जुड़े सभी प्रबुद्ध जनप्रतिनिधि तथा नागरिक गण विशेष रूप से उपस्थित थे। ÷शहनाज अख्तर द्वारा देवी गीतों की प्रस्तुति÷महाकौशल की प्रसिद्ध देवी गीत गायिक शहनाज अख्तर में बाबा साहब के जयंती दिवस पर युवा समाजसेवी मणिनागेंद्र सिंह पटेल के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए कार्यक्रम स्थल पर देवी गीतों की रंगारंग प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में उपस्थित सर्व समाज के प्रतिनिधियों का अभिनंदन करते हुए नरसिंहपुर विधायक जालम सिंह पटेल (मुन्ना भैया) ने कहा कि

## गोटेगांव के साप्ताहिक मंगल बाजार का नाम होगा अंबेडकर बाजार

डॉक्टर अंबेडकर जी की यह प्रतिमा स्थली सही अर्थो में समाज को दिशा देने का कार्य करेगी, हमारी आने वाली पीढ़ी उनके इस विराट स्वरूप को देखकर महापुरुषों के व्यक्तित्व को जानने के लिए जिज्ञासु बने, इसके लिए सिलावट समाज गोटेगांव के सभी साथी बधाई के पात्र हैं। सिलावट सेवा समिति एवं स्थानीय नागरिकों की मांगों को स्वीकार करते हुए नरसिंहपुर विधायक जालम सिंह पटेल ने मंच से घोषणा करते हुए बताया कि स्थानीय साप्ताहिक मंगल बाजार का नाम अब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के नाम पर हो इसके लिए निकाय एवं शासन स्तर पर कार्यवाही पूर्ण की जाएगी।

# मोहित शर्मा की 30 महीने बाद आईपीएल में धमाकेदार वापसी, पहले ही मुकाबले में बने प्लेयर ऑफ द मैच

**मोहाली, ईएमएस। आईपीएल 2023 का रोमांच अपने चरम पर है। पिछले कुछ दिनों में कुछ बेहद दिलचस्प मैच खेले गए हैं, जिनमें एकदम आखिरी गेंद पर जाकर मैच का नतीजा निकला है। आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी टी20 क्रिकेट लीग। इस टूर्नामेंट में न सिर्फ आपके पास खुद को साबित करने के लिए बड़ा प्लेटफॉर्म होता है, बल्कि कुछ खास करने पर आप अपनी टीम और फैंस के लिए हीरो भी बन जाते हैं। कुछ ऐसा ही मोहित शर्मा ने भी कर दिखाया है। इस पूर्व भारतीय गेंदबाज ने गुरुवार को गुजरात टाइटंस टीम से खेलते हुए पंजाब किंग्स के खिलाफ दो विकेट झटके और प्लेयर ऑफ द मैच भी बने। खास बात यह थी कि मोहित 30 महीने बाद कोई आईपीएल मैच खेल रहे थे। इस बीच उन्हें क्या कुछ नहीं सहना पड़ा है, लेकिन मोहित ने हार नहीं मानी और दमदार वापसी करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई। आइए जानते हैं मोहित के जीवन में किस प्रकार ट्विस्ट एंड टर्न्स आए।**

### 2013 में पहली बार चर्चाओं में आए थे मोहित

हरियाणा के मोहित 2012/13 के रणजी ट्रॉफी से चर्चाओं में आए थे। उस सीजन वह आठ मैचों में 37 विकेट लेकर टूर्नामेंट के पांचवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। मोहित के प्रदर्शन से चेन्नई सुपर किंग्स काफी प्रभावित था और उन्हें 2013 आईपीएल सीजन के लिए साइन किया था। तब चेन्नई के बॉलिंग कोच रहे एंडी बिचेल ने मोहित को एक दिन के बॉलिंग कैंप के बाद शॉर्टलिस्ट कर लिया था।



### 2014 ढ्ढक्कमें पर्पल कैप विनर रहे थे मोहित

मोहित ने 2013 में चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से आईपीएल में डेब्यू करते हुए 15 मैचों में 20 विकेट चटकाए थे। उनके इस शानदार प्रदर्शन के कारण उन्हें भारतीय टीम में जगह मिली थी। इसके बाद वह भारत के लिए जिम्बाब्वे के खिलाफ डेब्यू करते हुए अपने पहले वनडे में ही मैन ऑफ दी मैच बने थे। मोहित आईपीएल 2014 में सबसे अधिक विकेट लेने के साथ पर्पल कैप विनर भी रहे थे। तब उन्होंने 16 मैचों में 23 विकेट झटके थे। इसका इनाम उन्हें 2014 टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय स्क्वॉड में शामिल कर दिया गया। भारतीय टीम उस साल फाइनल में श्रीलंका से हार गई थी।

### धोनी के खास खिलाड़ी रहे, 2020 में C S K ने निकाला

मोहित 2015 आईसीसी वनडे विश्व कप के दौरान भारतीय टीम का हिस्सा रहे थे। मोहित ने टीम इंडिया के लिए कुल 26 वनडे और आठ टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने वनडे में 31 और टी-20 में छह विकेट अपने नाम किए। 34 वर्षीय मोहित कभी आईपीएल में धोनी के खास खिलाड़ी थे, लेकिन 2020 में सीएसके ने उन्हें रिलीज कर दिया और इसके बाद उनके करियर में उतार-चढ़ाव का दौर शुरू हो गया। मोहित ने गुजरात के इस सीजन से पहले पिछला आईपीएल मैच दिल्ली के लिए 20 सितंबर 2020 को पंजाब किंग्स के खिलाफ खेला था और 45 रन देकर एक विकेट लिया था। मोहित को दिल्ली कैपिटल्स ने 2020 सीजन में अपने साथ जोड़ा था, लेकिन वहां कोई छाप नहीं छोड़ पाए। इस आईपीएल के बाद मोहित को बैक इंजरी हुई थी और वह क्रिकेट से कुछ समय के लिए दूर हो गए। बैक सर्जरी से वापसी करने के बाद मोहित घरेलू क्रिकेट खेले। 2022 के मेगा ऑक्शन में उनमें किसी भी फ्रेंचाइजी ने दिलचस्पी नहीं दिखाई थी और मोहित अनसोल्ड रहे। हालांकि, नीलामी में नहीं चुने जाने के बावजूद वह लीग का हिस्सा बने। उन्हें गुजरात टाइटंस ने नेट गेंदबाज के तौर पर अपने साथ जो?ा था। मोहित ने एकबार बताया था कि पिछले साल गुजरात के कोच आशीष नेहरा ने उन्हें फोन करके नेट गेंदबाज के रूप में टीम के साथ रहने के लिए कहा था। घर पर बैठने की बजाय मोहित ने गुजरात टीम से जुड़ना सही समझा और वह नेट बॉलर बन गए। मोहित नेट्स में गुजरात के बल्लेबाजों को तैयारी करवाते रहे और हार नहीं मानी। इस सीजन मोहित फिर से ऑक्शन में उतरे और गुजरात ने उन्हें

# वेस्टइंडीज के दिग्गज की बुमराह को सलाह, चोटों से बचने करें यह काम

**नई दिल्ली , ईएमएस। अपने क्रिकेट कॅरिअर के दौरान पीठ की चोटों से जूझने वाले वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज इयान बिशप का मानना है कि जसप्रीत बुमराह अब अपने एक्शन में बदलाव नहीं कर सकते और उन्हें चोटों से बचने के लिए चुनिंदा टूर्नामेंट में ही खेलना चाहिए। बुमराह पीठ में दर्द के कारण पिछले साल सितंबर से कोई मैच नहीं खेले हैं और उनका इस साल अक्तूबर–नवंबर में भारत में होने वाले वनडे विश्व कप में खेलना भी संदिग्ध है। इस 29 वर्षीय तेज गेंदबाज ने पिछले महीने न्यूजीलैंड में सर्जरी कराई थी।**






बुमराह को अपने अनूठे एक्शन का फायदा भी मिला लेकिन इससे उनकी पीठ पर अधिक जोर पड़ता है जिससे वह अक्सर चोटिल हो जाते हैं।वेस्टइंडीज की तरफ से 43 टेस्ट और 84 वनडे खेलने वाले बिशप का मानना है कि कॅरिअर के इस मोड़ पर बुमराह के लिए एक्शन बदलना संभव नहीं होगा और उन्हें व्यस्त कार्यक्रम के बीच कुछ चुनिंदा टूर्नामेंट में ही खेलना चाहिए। बिशप ने कहा,'मुझे नहीं लगता कि तेज गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन का कोई नुस्खा है क्योंकि हम इन बेहतरीन खिलाड़ियों के दिमाग और शरीर को लेकर फैसला नहीं कर सकते। इस पर फैसला स्वयं खिलाड़ी और उसके करीबी प्रशासकों को करना है लेकिन मैं संचालन संस्थाओं को एक सलाह दे सकता हूं कि आप इन खिलाड़ियों (जैसे बुमराह) को प्रत्येक टूर्नामेंट में नहीं खिला सकते हो। उन्होंने कहा,'इतनी अधिक क्रिकेट चल रही है और ऐसे में खिलाड़ियों को सर्वाधिक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट का चयन करना शुरू करना होगा। आप चाहते हैं कि बुमराह और जोफरा आर्चर जैसे गेंदबाज अपनी गति बनाए रखकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। तभी उनका महत्व भी है लेकिन उनको खिलाने में बेहद सावधानी बरतें।

# फैंस को हार्ट अटैक दे रहे IPL के मैच, फिल्मों में भी नहीं होते ऐसे भयंकर क्लाइमेक्स!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप दिल के मरीज हैं तो... यह वह लाइन है, जो रोमांचक मुकाबले के लिए दशक पहले रेडियो पर कमेंटेटर्स अक्सर फैंस से कहते सुनाई देते थे। अब मैच का रोमांच के अनुभव का तरीका बदल गया है। रेडियो की जगह मोबाइल और टीवी ने ले ली है, जिसने क्रिकेट के रोमांच का स्वाद और भी बढ़ा दिया है। रोचक बात यह है कि मौजूदा सीजन में काफी हैरतअंगेज मैच हो रहे हैं। अब गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबले को ही ले लीजिए। छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टीम आखिरी ओवर की 5वीं गेंद पर जीती। इससे पहले 4 ऐसे मुकाबले हुए, जिनके रिजल्ट आखिरी गेंद पर निकला। कोलकाता और गुजरात के बीच मुकाबला तो आखिरी ओवर की आखिरी 5 गेंदों पर लगातार 5 छक्के के साथ खत्म हुआ। संभवतः आईपीएल ही नहीं क्रिकेट इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि किसी बल्लेबाज ने आखिरी 5 गेंदों पर लगातार 5 छक्के उड़ाते हुए मैच का पासा ही पलट दिया। ऐसी हार देख गुजरात के फैंस को हार्ट अटैक आते-आते रहा। आइए देखते हैं उन मैचों को, जिन्होंने वाकई में क्रिकेट फैंस को हार्ट अटैक देने की कोशिश की... गुजरात टाइटंस और कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच मुकाबला 9 अप्रैल को नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में खेला गया। इस मैच में कोलकाता को जीत के लिए आखिरी गेंद पर 5 रनों की जरूरत थी और रिंकू सिंह ने अपने रणजी टीम के साथी गेंदबाज यश दयाल को छक्का उड़ाते हुए टीम को जीत दिला दी। रिंकू ने आखिरी छक्के से पहले लगातार 4 और छक्के मारे थे। इसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स को आखिरी ओवर में जीत के लिए 5 रनों की जरूरत थी। हर्षल पटेल ने कमाल की बॉलिंग की और दो विकेट झटक लिए। आखिरी गेंद पर जीत के लिए लखनऊ को एक रन की जरूरत थी। गजब के ड्रामे के बीच आवेश खान और रवि बिश्नोई ने विनिंग रन पूरा किया। इस तरह क्रष्टक्च आखिरी गेंद पर हार गया। आरसीबी और एलएसजी की तरह मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को आखिरी गेंद पर हराया। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुंबई को जीत के लिए आखिरी ओवर में 5 रनों की जरूरत थी। एनरिक नॉर्त्जे ने बेहद कसी हुई गेंदबाजी की और आखिरी गेंद पर 2 रनों का अंतर ला दिया। यहां कैमरून ग्रीन और टिम डेविड ने दिल्ली के फौलादी फील्डरों के बीच दो रन दौड़ते हुए मैच मुंबई की झोली में डाल दिया।

# सेल्फी विवाद में पृथ्वी शॉ की मुश्किल बढ़ी - सपना गिल की याचिका पर शॉ सहित 11 को नोटिस जारी

मुंबई, ईएमएस। IPL के 16 वें सीजन के बीच पृथ्वी शॉ की मुश्किल बढ़ गई है। उन्हें सेल्फी विवाद में बॉम्बे हाईकोर्ट की तरफ से पृथ्वी शॉ सहित 11 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। हाईकोर्ट ने दो पुलिस अधिकारियों को अपनी ड्यूटी सही से न करने के लिए नोटिस दिया है।

### क्या है मामला

दरअसल फरवरी महीने में पृथ्वी शॉ मुंबई में अपने दोस्तों के साथ एक होटल में खाना खाने गए थे। वहां सेल्फी लेने को लेकर शॉ का सपना गिल के साथ विवाद हो गया था। दोनों के बीच हाथापाई का वीडियो भी सामने आया था। शॉ ने आरोप लगाया था कि फोटो खिंचवाने से मना करने पर गिल और उसके साथियों ने उनके साथ मारपीट की और उनकी कार का शिशा तो? दिया था। जिसके बाद पुलिस ने सपना और उनके एक दोस्त के खिलाफ स्नढ्ढक्रदर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। वहीं सपना गिल ने उन पर की गई स्नढ्ढक्र के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। जिसमें उन्होंने पृथ्वी शॉ पर छेड़छाड़ और बल्ले से मारपीट के आरोप लगाए। उसी याचिका के आधार पर बॉम्बे हाईकोर्ट की तरफ से पृथ्वी शॉ सहित 11 लोगों को नोटिस भेजा है।

# धोनी ने सिखा दिया युवा बल्लेबाज को, कैसे उड़ाते हैं हेलीकॉप्टर शॉट

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह ने साल 2019 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। हालांकि उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में खेलना जारी रखा है। आईपीएल में वह चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान है। लीग के 16वें सीजन में भी धोनी टीम की अगुवाई कर रहे हैं। वहीं आईपीएल 2023 में सीएसके के प्रदर्शन को देखें तो वह मिलाजुला रहा है। टीम को चार मैचों में से दो में जीत और दो में हार मिली है लेकिन कप्तान धोनी जब भी और जितनी देर भी मैदान पर उतरते हैं फैंस की उनके लिए दीवानगी देखते ही बनती है। चेन्नई का चेपॉक हो या फिर मुंबई का वानखेड़े, धोनी के मैदान पर आते ही सिर्फ उन्ही का नाम गूंजता है। सिर्फ फैंस में ही विरोधी के खिलाड़ी भी धोनी से मिलने के लिए बेताब रहते हैं। ऐसी एक तस्वीर सीएसके और राजस्थान रॉयल्स के बीच हुए मैच के बाद युवा क्रिकेटर ध्रुव जुरेल ने शेयर की है। इस तस्वीर में मैच खत्म होने के बाद ध्रुव जुरेल धोनी से बात करते हुए दिख रहे हैं। तस्वीर को अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर



करते हुए ध्रुव जुरेल ने लिखा, च्सपने में जी रहा हूं... मेरे आइडल MS धोनी भइया के साथ मैदान साझा करना मेरी जिंदगी के एक बेहतरीन पलों में से एक है। बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब धोनी मैच के बाद खिलाड़ियों से बात करते हुए दिखे हैं। इससे पहले भी धोनी मैच के बाद युवा खिलाड़ियों को क्रिकेट की बारीकियां बताते हुए नजर आ चुके हैं। ऐसा सिर्फ भारतीय खिलाड़ी ही नहीं, आईपीएल में खेलने वाले विदेशी खिलाड़ी धोनी से क्रिकेट के गुर सीखने का कोई मौका नहीं गंवाते हैं।

### राजस्थान के खिलाफ मैच फिनिश नहीं कर पाए थे धोनी

आईपीएल 2023 का 17वां मैच चेन्नई सुपरकिंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच चेपॉक में खेला गया था। मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। टॉस हारने के बाद राजस्थान की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरी और निर्धारित 20 ओवरों के खेल में 8 विकेट के नुकसान पर 175 रन का स्कोर खड़ा किया। राजस्थान के लिए मैच में जोस बटलर ने 56 रनों की दमदार अर्धशतकीय पारी खेली। बल्लेबाजों के लिए मददगार चेपॉक पर सीएसके के लिए 20 ओवर में 176 रन बनाना कोई मुश्किल काम नहीं था लेकिन राजस्थान रॉयल्स की सधी हुई गेंदबाजी हुई गेंदबाजी के आगे सीएसके की टीम सिर्फ 3 रन पीछे रह गई। आखिरी के ओवर में क्रीज पर खुद धोनी और रविंद्र जडेजा मौजूद थे लेकिन मैच फिनिश करने में माहिर धोनी राजस्थान के खिलाफ चूक गए और टीम को हार का सामना करना पड़ा।

## रंग संसार

# शाकुंतलम बनकर सामंथा ने जीता दिल, फैंस के निकले आंसू



**नई दिल्ली, एजेंसी। साउथ की सबसे दमदार एक्ट्रेस में एक सामंथा रूथ प्रभु इन दिनों अपनी फिल्म 'शाकुंतलम' को लेकर खासी चर्चा में है और आज उनकी फिल्म पर्दे पर आने वाली है. पैन इंडिया लेवल पर रिलीज हुई इस फिल्म में सामंथा का नया अवतार देखने के लिए दर्शक बेहद उत्साहित हैं. इस फिल्म में सामंथा का लुक हर किसी को भा रहा है और उनकी एक्टिंग ने भी फैंस का दिल जीत लिया है. इसी बीच में सोशल मीडिया पर फैंस फिल्म देखने के बाद अपना रिएक्शन शेयर कर रहे हैं. तो चलिए जानते हैं कि यूजर्स का सामंथा रुथ प्रभु की फिल्म 'शाकुंतलम को लेकर क्या कहना है।**

### कैसी है शाकुंतलम

फिल्म क्रिटिक्स रमेश बाला ने लिखा ्रशाकुंतलम की पूरी कास्ट वास्तव में पौराणिक कहानी की दुनिया को जीवंत करती है और खास तौर से ्रसामंथारुथप्रभु- क्या एक्टिंग की है, उन्होंने इसके साथ पहली बार खुद हिंदी में डबिंग भी की है.

### सामंथा रुथ प्रभु की एक्टिंग है जबरदस्त

एक अन्य यूजर ने फिल्म की कहानी के साथ ही सामंथा रुथ प्रभु की एंट्री की भी तारीफ की उन्होंने लिखा, 'सामंथा रुथ प्रभु को महल के सीन के लिए स्टैंडिंग ओवेशन मिलना चाहिए. मैंने कभी नहीं सोचा था कि #Shaakuntalam में महारानी शकुंतला के रोल के किरदार को सामंथा इतनी अच्छी तरह निभाएंगी. जिस तरह से उन्होंने शकुंतला को दर्द को दिखाया, उससे मैं भावुक हो गया. सामंथा ने प्रूव किया कि वह एक्टिंग के लिए ही बनी हैं.'

### शानदरा हैं ग्राफिक्स

एक यूजर ने सामंथा रुथ प्रभु की तारीफ करने के साथ ही देव मोहन की एक्टिंग की भी तारीफ की है. इसके साथ ही उन्होंने फिल्म के वीएफएक्स की भी तारीफ की है. हर कोई फिल्म के विजुअल पर बात कर रहा है. फिल्म के हर सीन को बेहद सलीके से फिल्माया गया है और अच्छे ग्राफिक्स का इस्तेमाल किया है, जो फिल्म को जीवित करते हैं. एक यूजर ने थ्री एयर की एक वीडियो पोस्ट की है, जिसमें थ्री एयर के बाहर ढोल-नगाड़े बज रहे हैं और फैंस खुशी से नाच रहे हैं. कुछ लोग सिनेमाघरों के बाहर पटाखे भी फोड़ रहे हैं और एक्ट्रेस को देवी बता रहे हैं. इसके साथ ही सामंथा की फिल्म की तारीफ में एक अन्य फैन ने लिखा कि इस मूवी को परिवार के साथ जाकर देखा जा सकता है. यह एक खूबसूरत कविता की तरह है.

### सामंथा ने किरदार के साथ न्याय किया है

शाकुंतलम की तारीफ करते हुए एक फैन ने लिखा है, 'इसमें कोई हैरत नहीं है कि आपने इस रोल क्यों चुना क्योंकि हमें लगता है कि इस किरदार के साथ और कोई न्याय कर ही नहीं सकता था. खुद को कैरेक्टर में ढालने के लिए शुक्रिया. कोई पहचान ही नहीं सकता, असल और किरदार में अंतर.'

### 'शाकुंतलम' का निर्देशन गुनाशेखर ने किया है

सामंथा रुथ प्रभु इस दौरान अपनी लाइफ के सबसे बुरे दौर से गुजर रही है उनका स्वास्थ इसकी वजह है. वहीं दूसरी तरफ 'शाकुंतलम' की रिलीज से पहले कई सारे स्टार ने उन्हेंशुभकामनाएं दी है. बता दें 'शाकुंतलम' का निर्देशन गुनाशेखर ने किया है. यह फिल्म कालिदास के नाटक 'अभिज्ञान शाकुंतलम' पर आधारित है. यह फिल्म 14 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।



# सलमान खान के साथ डेटिंग रुमर्स पर पूजा हेगड़े ने तोड़ी चुप्पी

**मुबंई, एजेंसी।** एक्टर सलमान खान का नाम कई हिरोइंस के साथ जुड़ चुका है लेकिन इस बार वे पूजा हेगड़े को लेकर चर्चा में हैं। एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ऑनस्क्रीन 'किसी का भाई किसी की जान' में सलमान खान के साथ रोमांस करती नजर आएंगी। वहीं बी टाउन ने इस जोड़ी के रियल लाइफ में भी डेटिंग करने रुमर्स काफी समय से छाए हुए हैं। वहीं एक्ट्रेस ने इन सलमान खान को डेट करने की अफवाहों पर पहली बार चुप्पी तोड़ी है और सच बचाया है। सलमान और पूजा हेगड़े के डेटिंग की अफवाहें कुछ महीने पहले शुरू हुई थीं। इसके बाद ना तो सलमान खान और ना ही पूजा हेगडे ने इन रूमर्स को नकारा था और ना ही एक्सेप्ट किया था। वहीं इन अफवाहों को तब और हवा मिली जब सलमान ने मैंगलोर में पूजा हेगड़े के भाई ऋष्ठभ हेगड़े की शादी में शिरकत की थी। उनकी कई फोटोज ऑनलाइन सामने आई थीं। एक इंटरव्यू के दौरान पूजा ने सलमान खान को डेट करने के रूमर्स पर बात की और कहा कि वह सिंगल हैं और ये भी क्लियर किया कि फिलहाल उनका करियर उनकी प्रायोरिटी है। इंटरव्यू के दौरान पूजा से अपने को-एक्टर सलमान खान को डेट करने की अफवाहों के बारे में पूछा गया था, इस पर पूजा हेगड़े ने किसी भी रिलेशनशिप में होने के दावों को खारिज किया और कहा, ÷मैं इस पर क्या कहूं? मैं अपने बारे में बातें पढ़ती रहती हूं. मैं सिंगल हूं, मुझे अकेले रहना पसंद है। मैं अभी अपने करियर पर ध्यान दे रही हूं। मैं एक शहर से दूसरे शहर जाने की उम्मीद कर रही हूं। अभी यही मेरा मकसद है। 'किसी का भाई किसी की जान' फिल्म के ट्रेलर को फैंस का शानदार रिस्पॉन्स मिला है। फरहाद सामजी द्वारा निर्देशित 'किसी का भाई किसी की जान' में वेंकटेश दग्गुबाती, जगपति बाबू, शहनाज गिल, पलक तिवारी, विजेंदर सिंह, राघव जुयाल, जस्सी गिल, भूमिका चावला और सिद्धार्थ निगम ने भी शामिल हैं।

# तेजस्वी और करण ने किया रोमांस, लिप-लॉक का वीडियो हुआ वायरल



**मुबंई, एजेंसी।** टीवी के सबसे मशहूर और रोमांटकि कपल में से एक तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा आए दिन किसी ना किस वजह से सोशल मीडिया पर छाए रहते हैं, करण और तेजस्वी की तस्वीरें और वीडियो आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो जाते हैं. इसी कड़ी में अब इस कपल का एक रोमांटकि वीडियो जमकर वायरल हो रहा है जिसमें दोनों बेहद क्लोज नजर आ रहे हैं और एक दूसरे को किस करते हुए नजर आ रहे हैं.दरअसल करण और तेजस्वी हाल ही में एक बर्थडे पार्टी में दोनों के डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# हेमा मालिनी ने बिहू को बता दिया बिहार का त्योहार, ट्रोल किए जाने पर मांगी माफी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाल ही में मुंबई मेट्रो में सफर करने को लेकर हेमा मालिनी खूब चर्चा में रहीं। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने एक्ट्रेस और मथुरा से सांसद हेमा मालिनी की तारीफों के खूब पुल बांधे। मगर, आज अचानक हर कोई उन्हीं हेमा मालिनी को ट्रोल करता नजर आ रहा है। आखिर ऐसा क्या हो गया? ...तो बता दें कि इसके पीछे वजह है हेमा मालिनी का एक ट्वीट, जिसमें उन्होंने बिहू को बिहार का त्योहार बता दिया। यूजर्स ने जब उन्हें ट्रोल करना शुरू किया तो एक्ट्रेस ने बाकायदा माफी मांगी है। बता दें कि बिहू असम में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है। असम में 'बोहाग बिहू' नव वर्ष के आगमन का



प्रतीक है। फसल पककर तैयार होने के जश्न से जुड़ा यह त्योहार असम में खूब धूमधाम से मनाया जाता है। लेकिन, हेमा मालिनी ने बधाई देने के लिए किए ट्वीट में इसे गलती से इसे बिहार का त्योहार बता दिया, जिसके बाद सोशल मीडिया पर उनकी आलोचना शुरू हो गई। इसके बाद हेमामालिनी ने एक और ट्वीट किया और अपनी गलती के लिए माफी भी मांगी। हेमा मालिनी ने पहले ट्वीट कर लिखा था, यह फसल कटाई का मौसम है। पुथांडु (नया साल), बैसाखी (पंजाब), बिहू (बिहार) और पोइला बोइशाख या नबा बरशा (बंगाल) आज मनाए जाने वाले कुछ त्योहार हैं। आप सभी के लिए त्योहार का महीना शानदार हो। इस ट्वीट के बाद जब उन्हें ट्रोल किया जाने लगा तो हेमा मालिनी को अपनी गलती का अहसास हुआ। उन्होंने एक और ट्वीट कर इस मसले पर माफी मांग है। हेमा मालिनी ने लिखा है, मैंने गलती से बिहू को बिहार में मनाया जाने वाला त्योहार बता दिया है। मुझे खेद है! इसे असम का त्योहार बिहू पढ़ा जाना चाहिए। बता दें कि हाल ही में हेमा मालिनी को मुंबई मेट्रो में यात्रा करते हुए देखा गया। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। एक्ट्रेस ने मेट्रो में यात्रा करने का अपना अनुभव शानदार बताया। साथ ही उन्होंने अन्य सितारों को भी मेट्रो में चलने की सलाह दी है।

# गृह-नक्षत्रों के उपाय को अपनाकर पाएं सफलता : ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा

**जबलपुर,यशभारत। जीवन में गृह नक्षत्रों का प्रभाव हर किसी मनुष्य पर रहता है चाहे वह कितने भी बड़े पद पर बैठा हो या फिर एक आम इंसान। गृह-नक्षत्रों के योग से ही सब होता है। पूरी सृष्टि कहीं न कहीं रोमांच, आनंद से भरी पड़ी है बस इसकी गहराई में जाकर गृह नक्षत्रों के प्रभाव और उपाय को अपनाकर सभी को अपने-अपने कर्मक्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए, ऐसा करने में सफलता लोगों के कदम चूमेगी। और उन्हें एक बेहतरीन जीवन जीने का अनुभव मिलेगा।**

**इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के इन सभी चैनलों में देखें प्रसारण**

| | |
|---|---|
| यूसीएन में | 81 |
| डिजियना में | 91 |
| हैथवे में | 598 |

youtube- yashbharat .co.in

यह जानकारी ज्योतिषाचार्य आईपीएस रिटायर्ड डीआईजी मनोहर वर्मा ने यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला से खास चर्चा के दौरान दी। चर्चा के दौरान यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला ने जीवन ज्योतिष कार्यक्रम के तहत पूछा कि क्या दुनिया में गृह नक्षत्रों के बिना कोई भी कार्य संभव है। इस पर ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा ने कहा कि दुनिया में गृह नक्षत्रों के बिना कुछ भी संभव नहीं है। शास्त्र के अनुसार ईश्वर भी गृह नक्षत्रों के प्रभाव के प्रति आदर करते हैं। ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा ने बताया कि गृह नक्षत्रों के प्रभाव से कोई नहीं बचा है।

### धर्म त्रिकोंण का प्रभावशाली होना जरूरी

धर्म के प्रति समर्पण और इसी लाइन में आगे बढ़ने के लिए लोगों के पास धर्म त्रिकोण का प्रभावशाली होना बहुत जरूरी है। यह प्रभावशाली रहेगा तो ही आप धर्म के क्षेत्र में आगे बढ़ सकेंगे। इसके साथ ही ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा ने बताया कि नवांश कुंडली का मानव जीवन में बहुत जरूरी रहती है। क्योंकि नवांश कुंडली में 9वां भाव धर्म का ही रहता है।



जीवन ज्योतिष पर यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला से ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा की खास बातचीत के कुछ महत्वपूर्ण अंश..

### उपाय से मिलता है लाभ

अगर कोई भी व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों से गुजर रहा है तो कुंडली के जरिए किसी जानकार पंडित से उसके गृह नक्षत्रों के बारे में पता लगाना होता है और फिर इस गृह नक्षत्रों के उपाय को ढूढ़ना चाहिए। जिससे आगे चलकर स्थितियां संभल जाती हैं। गृह नक्षत्रों के उपाय से कई बार लाभ भी लोगों को मिलता है।

## गृह-नक्षत्रों के फेर में उलझ चुके है धर्माचार्य




यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला ने ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा से पूछा कि कई ऐसे बड़े-बड़े धर्माचार्य हैं जिन पर गंभीर आरोप लग चुके हैं, क्या ये सब भी गृह नक्षत्रों का फेर है? जिस पर मनोहर वर्मा ने कहा कि जी हां, गृह नक्षत्रों के फेर के कारण ऐसी स्थिति बनती है। हर व्यक्ति के अंदर अलग अलग गुण रहते हैं। उन्होनें द्रोपदी के 5 पतियों का भी उदाहरण दिया। यदि धर्म के क्षेत्र में आगे बढ़ना है तो किसी भी धर्माचार्य के लिए उनका मन मजबूत होना बहुत आवश्यक रहता है। जितने बड़े तपस्वी रहेंगे उनका उतना ही ज्यादा चंद्र का मंगल और शनि से संबंध होता है। धर्माचार्य को सुख, एश्वर्य का लालच नहीं रहता है। तपस्वी बनने के लिए भौतिकवाद से दूर होना पड़ता है।

---

**ओमती पुलिस- क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई**

## शातिर जीजा-साले से 17 बाइक बरामद चोरी के बाद सस्ते दामों बेचते थे वाहन

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर की ओमती पुलिस और क्राइम ब्रांच ने एक ऐसी बाइक चोर गैंग का पर्दाफाश किया जो पलक झपकते ही आंखों से काजल चुरा लेते थे और गायब हो जाते थे। दोनों आरोपी जीजा साले बताए जा रहे है। जिनकी निशानदेही से पुलिस ने अलग अलग स्थानों से करीब 17 टू व्हीलर बरामद की गई है। जिनकी कीमत लाखों में बताई जा रही है। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ जारी है।

जानकारी अनुसार शहर में हर रोज करीब चार पांच बाइक चोरी हो रही है। इन वारदातों ने पुलिस विभाग की नाक में भी दम कर रखा है। जिसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम को अलर्ट कर रखा था। जिसके बाद पुलिस को पता चला कि आरोपी जीजा साले मिलकर बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे है। जिसके बाद पुलिस ने दोनों गोहलपुर से दबोच लिया।

### तोड़ देते थे लॉक

बताया जा रहा है कि पकड़े गए आरोपी इतने शातिर है कि एक ही पल में बाइक का लॉक तोड़कर, दूसरे पल लेकर फरार हो जाते थे। इतना ही नहीं, दोनों ने पूछताछ में यह भी बताया है कि वह सस्ते दामा में यह बाइक बेंच दिया करते थे। लेकिन ऐन वक्त ने पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपियों को दबोच लिया।

## रुपयों को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष : 3 लोग बुरी तरह घायल

**जबलपुर, यशभारत।** गोरखपुर में रुपयों के पुराने लेने देन को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। जिसके चलते दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे पर धारदार हथियार से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। वारदात में करीब तीन लोगों को चोटे आईं है। पुलिस ने दोनों ही पक्षों की शिकायतों पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

**पुलिस ने किया काउंटर मामला दर्ज**

जानकारी अनुसार पुलिस को विशाल लड़िया 25 वर्ष निवासी रामपुर ने बताया कि वह अपने घर के बाहर गली पर खड़ा था तभी पुरानी रंजिश के चलते विक्की लड़िया एवं अजय लड़िया गाली गलौज करने लगे ,उसने गालियां देने से मना किया तो दोनों ने धारदार हथियार से हमलाकर भाग गये। वहीं मेडिकल कॉलेज में विक्की उर्फ इत्तम लड़िया 39 वर्ष निवासी रामपुर ने बताया कि वह ऑटो चलाता है । विशाल लड़िया के घर के सामने से जा रहा था तभी देर रात पुरानी बुराई को लेकर विशाल , हिमांशु एवं बंटा उसे गाली गलौज करने लगे, उसने गालियां देने से मना किया तो तीनों ने हथियार से हमलाकर भाग गए।

## क्षतिपूर्ति राशि का आधा हिस्सा वकील ने हड़पा

**धूमा का पीड़ित युवक ओमती थाना पहुंचा शिकायत लेकर**

**जबलपुर,यशभारत।** सड़क हादसे में घायल युवक को क्षतिपूर्ति मिलने के लिए कोर्ट से तो न्याय मिल गया और एक आदेश भी पारित हो गया कि पीड़ित युवक को वाहन मालिक 1 लाख 56 हजार रुपए क्षतिपूर्ति के रूप में दें। लेकिन केस की पैरवी कर रहे वकील ने इस राशि ने पीड़ित को सिर्फ 78 हजार रुपए और बाकी रुपए देने से साफ इंकार कर दिया।



जिसके बाद पीड़ित युवक मामले की शिकायत लेकर सीधे ओमती पुलिस थाना पहुंचा जहां उसने रामपुर निवासी वकील दिनेश सिंह राजपूत के खिलाफ शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई। ओमती पुलिस ने शिकायत को जांच में लिया है।

इस संबंध में अंकित कुशवाहा निवासी धूमा जिला सिवनी ने बताया कि उसका 5 साल पहले सड़क हादसे में एक्सीडेंट हुआ था जिसमें उसको चोटें आई थीं। इसी को लेकर उसने न्यायालय में परिवाद दायर किया था और अपने समर्थन में केस लड़ने के लिए रामपुर निवासी अधिवक्ता दिनेश सिंह राजपूत को नियुक्त किया था। जिसमें वकील से उसने स्पष्ट बात की थी कि क्षतिपूर्ति की मिलने वाली राशि का 20 प्रतिशत देंगे लेकिन इसके बाद भी वकील दिनेश ने उसे रुपए कम दिए। पीड़ित युवक ने पुलिस से मांग की है कि वकील दिनेश सिंह से उसके रुपए उसे दिलवाए जाएं। पीड़ित अंकित कुशवाहा के अनुसार वकील उसके रुपए नहीं दे रहा है।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)